उज्जैन
बुधवार
24
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-52
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651


# दैनिक ब्रह्मास्त्र



पंजाबी सिंगर मिस पूजा बोलीं अभी हम जिंदा हैं मौत की अफवाह का स्क्रीनशॉट इंस्टा पर डाला; बॉलीवुड में मालामाल-सेकेंड हैंड जवानी गा चुकीं

पेज- 8

## गडकरी बोले- देश में हिंदू-मुस्लिम समस्या की कांग्रेस जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि देश में आज भी जो हिंदू-मुस्लिम से जुड़ी समस्याएं दिखती हैं, उनकी वजह कांग्रेस की सेक्युलरिज्म की सोच और वोट बैंक की राजनीति है। कांग्रेस ने सेक्युलरिज्म की गलत व्याख्या की। गडकरी के मुताबिक, सेक्युलर का अर्थ धर्मनिरपेक्षता या किसी एक वर्ग का तुष्टिकरण करना नहीं है। इसका सही मतलब 'सर्व धर्म समभाव' होता है, यानी सभी धर्मों को समान सम्मान और सबको न्याय और सभी के साथ बराबरी का व्यवहार करना है। गडकरी मंगलवार को दिल्ली में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी की किताब 'सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि' के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे।



## राममंदिर को गुमनाम भक्त ने दी 30 करोड़ की प्रतिमा

**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला मंदिर कैंपस में जल्द एक बेहद भव्य और बेशकीमती प्रतिमा स्थापित होने वाली है। सोने की चमक वाली इस प्रतिमा में हीरा-पन्ना और कई रत्न जड़े हुए हैं। इसे कर्नाटक के एक गुमनाम भक्त ने दान किया है। मंगलवार शाम प्रतिमा कर्नाटक से अयोध्या लाई गई। प्रतिमा 10 फिट ऊंची और 8 फिट चौड़ी है। अनुमानित कीमत 25 से 30 करोड़ है। निर्माण दक्षिण भारत की शिल्पकला से किया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया- प्रतिमा किसने भेजी है, अभी इसका पता नहीं चल पाया है। इसका वजन कराया जा रहा है। हालांकि अनुमान है कि 5 क्विंटल वजनी प्रतिमा होगी। जल्द पूरी डिटेल साझा की जाएगी।

## ट्रंप के निजी विमान में कम से कम आठ सफर के खुलासे से वैश्विक हलचल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राजनीति और अंतरराष्ट्रीय गलियारों में उस समय तेज हलचल मच गई जब 23 दिसंबर 2025 की रात अमेरिकी न्याय विभाग ने दिवंगत और कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी जांच फाइलों का एक नया और बेहद संवेदनशील सेट सार्वजनिक कर दिया। इन दस्तावेजों के सामने आते ही दुनिया भर की निगाहें वाशिंगटन पर टिक गईं, क्योंकि नई फाइलों में मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम एक बार फिर प्रमुखता से दर्ज पाया गया है। खास तौर पर इन फाइलों में शामिल उड़ान रिकॉर्ड्स ने राजनीतिक और सामाजिक बहस को नई दिशा दे दी है।



## बेंगलुरु में इंजीनियर ने पत्नी को गोली मारी मौत, थाने में सरेंडर

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने मंगलवार शाम को पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। फिर खुद जाकर थाने में सरेंडर कर दिया। महिला की पहचान 39 साल की भुवनेश्वरी के रूप में हुई। जो यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की बसवेश्वरननगर ब्रांच में असिस्टेंट मैनेजर थीं। वहीं आरोपी बालामुरुगन एक प्राइवेट आईटी फर्म में काम करता था। दोनों तमिलनाडु के सेलम जिले के रहने वाले हैं। पुलिस जांच के मुताबिक, पति को पत्नी के अफेयर का शक था। इसको लेकर पिछले काफी समय से उनकी लड़ाई चल रही थी। 18 महीनों से वे अलग रहने लगे थे। इस बीच पति ने अपनी नौकरी भी छोड़ दी और महिला पर नजर रखने लगा। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### कुछ अधिकारियों की लापरवाही की वजह से

# कई परियोजनाएं अपने अंतिम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पा रही

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

उज्जैन जिले सहित पूरे प्रदेश में ऐसी कई ऐसी बड़ी सिंचाई परियोजनाएं हैं, जिनकी अधिकारियों की लापरवाही की वजह से लागत बढ़ी है और तय समय में निर्धारित रकवा क्षेत्र में सिंचाई का लक्ष्य भी पूरा नहीं हुआ है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आने वाले पांच साल में मध्यप्रदेश में सिंचाई का रकबा 1 करोड़ हेक्टेयर करने के संकल्प के साथ पूरी ताकत से काम कर रहे हैं, लेकिन सिंचाई विभाग के कुछ अधिकारियों की लापरवाही की वजह से कई परियोजनाएं अपने अंतिम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पा रही है। इसकी वजह से परियोजनाओं की जहां लागत लगातार बढ़ रही है, तो वहीं सरकार द्वारा निर्धारित सिंचाई रकवा में भी पानी नहीं



पहुंच पा रहा है। प्रदेश में बड़ी, मध्यम और सूक्ष्म कई सिंचाई परियोजनाएं चल रही हैं लेकिन कई ऐसी परियोजनाएं भी हैं, जो निर्माणाधीन हैं। इनमें से कुछ परियोजनाएं विभागीय लापरवाही व दूसरे कारणों की वजह से लंबित हैं और जिनकी लागत भी बढ़ गई है। इनमें जैसे चितरंगी, जावद नीमच परियोजनाओं को 2025-26 तक पूरी होना है, लेकिन वास्तविक स्थिति का आकलन कर ये समय पर पूरी नहीं हो पाएंगी।

**लक्ष्य 2028 तक और मजबूत होने की पूरी सम्भावना है-** उल्लेखनीय है कि सरकार को वर्ष 2025-26 के दौरान प्रदेश में सिंचाई का रकबा 65 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाना है, लेकिन यह लक्ष्य पूरा हो पाएगा, इस पर कहा नहीं जा सकता है। बताया गया है कि कुछ परियोजनाएं पूरी होने के बाद भी, तकनीकी या प्रबंधन कारणों से उनका पूरा लाभ नहीं मिल पाता। मुख्यमंत्री बनने के बाद डॉ. मोहन यादव ने अपनी प्राथमिकताओं को सर्वोपरि रखा, जिनमें थी-कृषि, सिंचाई भी शामिल है। इन क्षेत्रों में उनकी सरकार ने वास्तविक परिवर्तनकारी कदम उठाए। प्रदेश की मोहन सरकार ने सिंचाई क्षमता 100 लाख हेक्टेयर तक ले जाने का टारगेट तय किया है। जल संसाधन विभाग के अनुसार यह लक्ष्य 2028 तक और मजबूत होने की पूरी सम्भावना है।

# बांग्लादेश के चटगांव जिले में हिंदू परिवारों के घर जलाए

### आग लगाने से पहले बाहर से दरवाजे बंद किए, दीवार तोड़कर लोगों ने जान बचाई



**ब्रह्मास्त्र ›› ढाका**

बांग्लादेश के चटगांव जिले में हिंदू परिवारों के घरों में आगजनी की गई है। सोमवार तड़के करीब 3:45 बजे पश्चिम सुल्तानपुर गांव में दो हिंदू परिवारों के घरों में आग लगा दी गई। आरोप है कि हमलावरों ने घरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए थे।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, दो घरों के कुल सात कमरे जलकर खाक हो गए। ये घर सुखा शिल (दुबई में काम करते हैं) और दिहाड़ी मजदूर अनिल शिल के थे। घटना के वक्त घरों में आठ लोग मौजूद थे। रात का खाना खाकर सभी सो गए थे, तभी अचानक आग लग गई।

जब परिवार के लोगों ने बाहर निकलने की कोशिश की तो पाया कि दरवाजे बाहर से बंद हैं। जान बचाने के लिए उन्होंने बांस और टीन की दीवारें काटकर किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।

### आग में पासपोर्ट और घर का सामान जला

- अनिल शिल के बेटे मिथुन शिल ने बताया कि वह तीन महीने पहले शादी के लिए दुबई से घर आया था। आग में उसका पासपोर्ट, घर का सामान और करीब 80-90 हजार टका नकद जल गए। मिथुन ने बताया कि, दोनों दरवाजे बाहर से बंद थे, इसलिए सभी ने दीवारें काटकर बाहर निकलने की कोशिश की।
- उपजिला कार्यकारी अधिकारी एस.एम. रहातुल इस्लाम और सहायक आयुक्त (भूमि) ओंगचिंग मारमा ने नुकसान का जायजा लिया और मदद का भरोसा दिया। पीड़ित परिवारों को 25 किलो चावल, 5,000 टका नकद और कंबल दिए गए। पुलिस आरोपियों की पहचान में जुटी है। मामलों में अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किए गए हैं, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

## इसरो ने 6100 किग्रा का अमेरिकी सैटेलाइट लॉन्च किया

**ब्रह्मास्त्र ›› श्रीहरिकोटा**

आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ने बुधवार सुबह एलवीएम3-एम6 रॉकेट से अमेरिकी सैटेलाइट ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 लॉन्च किया। ब्लूबर्ड 6,100 किलोग्राम का है। यह अब तक का सबसे भारी सैटेलाइट है, जिसे भारत ने लॉन्च किया है। वहीं, इसे जिस एलवीएम3 रॉकेट से लॉन्च किया गया, उसका वजन 640 टन है। यह भारत का सबसे भारी लॉन्च व्हीकल है। शक्ति, क्षमता और परफॉर्मेंस, तीनों में सबसे अव्वल होने के कारण से इसे बाहुबली रॉकेट' कहा जाता है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नेक्स्ट-जेन कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जिसका मकसद सामान्य स्मार्टफोन तक सीधे ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना है।



## मप्र में तापमान 5 डिग्री से नीचे

### राजस्थान में शीतलहर, उत्तराखंड में पाला गिरा, गुलमर्ग का तापमान -2.2 डिग्री रिकॉर्ड

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

पहाड़ों में बर्फबारी के चलते मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। पचमढ़ी और कल्याणपुर में मंगलवार रात का पारा 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में सुबह कोहरा छाया रहा। उधर राजस्थान में भी शीतलहर चल रही है। उत्तरी हवाओं के प्रभाव से राज्य में अगले कुछ दिन में पारा और गिरने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं के एरिया में घना कोहरा रहा। कश्मीर के कई इलाकों में मंगलवार को ताजा बर्फबारी और बारिश हुई। घाटी के ज्यादातर हिस्सों में मिनिमम टेम्परेचर फ्रीजिंग पाइंट से ऊपर रहा। गुलमर्ग में मिनिमम टेम्परेचर -2.2डिग्री रहा। कुपवाड़ा में 2.4डिग्री, काजीगुंड में 3.2डिग्री, कोकरनाग में 2.8डिग्री रिकॉर्ड किया गया।



# लीबिया के आर्मी चीफ की प्लेन क्रैश में मौत

### 7 और लोग भी मारे गए, तुर्किए में उड़ान भरने के 30 मिनट बाद हादसा

**ब्रह्मास्त्र ›› अंकारा**

लीबियाई की सेना के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद अल-हद्दाद की मंगलवार रात तुर्किये में प्लेन क्रैश में मौत हो गई। प्लेन में 8 लोग सवार थे, सभी की मौके पर ही मौत हो गई।

तुर्किये के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि फाल्कन-50 विमान का मलबा अंकारा के पास हायमाना इलाके में मिला है। विमान में टेकऑफ के 30 मिनट बाद ही तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

यह लीबियाई मिलिट्री डेलिगेशन अंकारा में तुर्किये के साथ रक्षा सहयोग



बढ़ाने को लेकर हाई लेवल बातचीत के लिए आया था और वापस लीबिया लौट रहा था। हादसे में मरने वालों में लीबिया के थल सेना प्रमुख जनरल अल-फितूरी ग्रैबिल, ब्रिगेडियर जनरल महमूद अल-कतावी, चीफ ऑफ स्टाफ के सलाहकार मोहम्मद अल-असावी दियाब, सैन्य फोटोग्राफर मोहम्मद ओमर अहमद महजूब और 3 क्रू मेंबर शामिल हैं।




## खबर एक नजर...

### मक्सी रोड सब्जी मंडी में 350 दुकानों का अतिक्रमण हटाया

**उज्जैन।** मक्सी रोड स्थित सब्जी मंडी में निगम ने दो दिन से सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई शुरू की है। मंडी में लगभग 350 सब्जी की दुकानें हैं, लेकिन दुकानदारों द्वारा अनधिकृत रूप से आवंटित ओटलों से बाहर तक सामान रखकर व्यापार किया जा रहा था। सहायक आयुक्त प्रदीप सेन के नेतृत्व में अतिक्रमण रिमूवल टीम ने दुकानों का अवैध कब्जा हटाया और मंडी के भीतर जमा कचरे को साफ करवाया। मंडी के गंदे ढेर और अव्यवस्थित बिक्री के कारण न सिर्फ मंडी में यातायात जाम रहता था, बल्कि आसपास के शहरवासियों को भी परेशानी होती थी। सहायक आयुक्त सेन ने बताया कार्रवाई नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर की गई है। आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि अब किसी भी तरह के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आवश्यकतानुसार नियमित रूप से कार्रवाई की जाएगी। इस कदम के बाद मक्सी रोड सब्जी मंडी में न केवल सफाई बनी रहेगी, बल्कि दुकानदारों और आम जनता के लिए यातायात सुगमता भी सुनिश्चित होगी।

### सोयाबीन में आया उछाल, अब तक 200 रुपए की तेजी

**उज्जैन।** सोयाबीन में उछाल आ गया अब तक 200 रुपए क्विंटल की तेजी के साथ प्लांट ने खरीदी ऑफर 4725 कर दिए। मंडी नीलाम में 4 करोड़ रुपए से अधिक की बिक्री प्लांट का सोयाबीन 4400 से 4670, बीज टच 5500 से 5800 बिका। स्थानीय प्लांट सोयाबीन की शॉर्टेज से डिस्पर्टी में आ गए हैं। व्यापार नहीं फिर भी ऊंचे भाव का सोयाबीन खरीद कर प्लांट चलाए जाने की जानकारी है। महाराष्ट्र के कीर्ति प्लांट के भाव ऑफर 5001 होने से सोयाबीन में देशव्यापी तेजी बताई जा रही है। रोज मंडी में आवक कम होने से सोयाबीन प्लांट वाले ऊंचे भाव की बोली लगा रहे हैं। तीन बड़े प्लांट करीब 10000 बोरी की आवक में 6000 बोरी से अधिक सोयाबीन खरीद रहे हैं।1000 बोरी से अधिक बीज टच में बिकता है। 2 से 3 हजार बोरी हल्का मिट्टी वाला आ जाता है। ऐसे में घरेलू व्यापार करने वालों को अपने भाव पर सोयाबीन नहीं मिल रहा। भावांतर योजना लागू होने के बाद मोटर बिल्टी वालों के हाथ से यह व्यापार निकल चुका है।

### मोहिनी देवी शर्मा की देह पंच तत्व में विलीन

**उज्जैन।** महानंदानगर निवासी मोहिनी देवी शर्मा के निधन पर देशभर के राजनेताओं, विद्वानों और साहित्यकारों ने शोक व्यक्त किया। निज निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई। चक्रतीर्थ पर ज्येष्ठ पुत्र प्रो. जगदीशचंद्र शर्मा ने मुखाग्नि दी। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत और उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा की अध्यक्षता प्रो. रामराजेश मिश्र ने की। नागरी लिपि परिषद और अन्य संस्थाओं ने भी श्रद्धांजलि दी। शोक बैठक प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### उज्जैन के हस्तरेखा विशेषज्ञ वर्मा का भोपाल में सम्मान



**उज्जैन।** राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन ज्योतिष विचार मंच भोपाल की ओर से केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल के सभागृह में किया गया। शुभारंभ केंद्रीय संस्कृत विवि भोपाल के निदेशक हंसराज झा ने किया। इस अवसर पर उज्जैन के हस्तरेखा विशेषज्ञ आचार्य रोहित वर्मा को हस्तरेखा पर संबोधन के लिए सम्मानित किया गया।

# दुनिया के कुछ देश गर्मियों मे मनाते हैं क्रिसमस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पं. राहुल शुक्ल.उज्जैन







जहां पूरी दुनिया में क्रिसमस कंपकंपाती ठंड में मनाया जाता है वहीं कुछ देशो मे क्रिसमस भीषण गर्मियों मे आता है। पृथ्वी के उत्तरी और दक्षिणी गोलार्द्ध में मौसम एकदम विपरीत होते हैं। जब पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध मे ठंड का मौसम रहता है तब दक्षिणी गोलार्द्ध मे भीषण ग्रीष्म ऋतु होती है। इसी के कारण दक्षिण गोलार्द्ध मे स्थित देशों मे माह दिसम्बर गर्मियों में आता है। दक्षिण गोलार्द्ध में स्थित देश आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ब्राजील, अर्जेन्टीना व मेडागास्कर ऐसे देश हैं जहां दिसम्बर मे भीषण गर्मी होती है अतः ये देश गर्मियों मे क्रिसमस मनाते हैं।

**बीच पार्टियों के साथ क्रिसमस-** आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड में क्रिसमस अलग ढंग से मनाया जाता है। इन दोनो देशों मे चूंकि क्रिसमस के समय भीषण गर्मी होती है तो यहां के ईसाई क्रिसमस पर समुद्रतट पर बीच पार्टियां आयोजित कर क्रिसमस मनाते हैं। समुद्र तट पर क्रिसमस कैरोल गीत बजते रहते हैं और खान पान चलता रहता है। आउटडोर एक्टिविटिज के साथ क्रिसमस का लुत्फ उठाया जाता है।

**सुनहरी धूप में क्रिसमस ट्री-** सबसे मजेदार बात तो ये है कि आमतौर पर क्रिसमस ट्री ठंडे प्रदेश का वृक्ष है और स्नोफाल वाले क्षेत्र मे इसे दिखाया जाता है किन्तु आस्ट्रेलियाई लोग सुनहरी धूप मे क्रिसमस ट्री को खुबसूरत ढंग से समुद्र तट पर सजाते हैं। कहीं कहीं पर कृत्रिम स्नोफाल के दृश्य भी प्रस्तुत किए जाते हैं।

**न्यूजीलैंड में फोटूकावा वृक्ष -** न्यूजीलैंड में स्थानीय फोटूकावा पेड़ को क्रिसमस ट्री का प्रतिरूप बनाकर सजाया जाता है। लाल रंग के फूल वाला ये वृक्ष बहुत सुन्दर होता है। माओरी परंपरा के अनुसार क्रिसमस गीत गाए जाते हैं।

**गर्मियों के कारण डेजर्ट फूड -** आस्ट्रेलियाई व न्यूजीलैंडर्स गर्मी के मौसम में क्रिसमस मनाते हैं तो डिशेस भी दूसरे देशों से अलग होती हैं। प्रायः ठंडे मांस व पेय के साथ त्योहार मनाया जाता है। सबसे ज्यादा हेमटर्की मीट, सीफूड जैसे झींगा व ओयस्टर के व्यंजन बनाए जाते हैं और परोसे जाते हैं। विभिन्न फ्लेवर की आइस्क्रीम व ठंडे शराब के साथ क्रिसमस मनाया जाता है।

**सर्फिंग व कीकायकिंग -** इन दोनो देशों में क्रिसमस के उपलक्ष्य मे रोमांचक खेल जैसे सर्फिंग व कीकायकिंग आदि समुद्र में आयोजित किए जाते हैं जिसका लुत्फ उमंग के साथ लोग उठाते हैं।

**आर्मेनिया मे जनवरी में क्रिसमस-** कुछ देशों में पुरातन जूलियन कैलेण्डर को मान्यता है जो ग्रेगेरियन कैलेण्डर से भिन्न है। जूलियन कैलेण्डर अनुसार प्रभु ईसा का जन्म 6 जनवरी माना गया है इसलिए आर्मेनिया व यूक्रेन आदि देशों मे क्रिसमस 6 जनवरी को मनाया जाता है। त्योहार एक ही है किन्तु उसके रंग पूरी दुनिया में भिन्न हैं।

# अखिल भारतीय भार्गव सभा ने किया 27 वृद्धजन के साथ ही प्रतिभाओं का सम्मान




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय भार्गव सभा के वार्षिक अधिवेशन में 70 साल से अधिक उम्र की महिलाओं और 75 साल से अधिक के वरिष्ठजन का सम्मान किया गया। देश के अलग-अलग शहरों से आए 27 बुजुर्गों को सभा के अध्यक्ष अनिल भार्गव रिवाड़ी और प्रधान सचिव संजय कुमार भार्गव ने शाल, प्रशस्ति पत्र, चांदी का सिक्का और श्रीफल देकर सम्मानित किया।

सभा की प्रचार प्रसार समिति के संयोजक राकेश भार्गव और सह संयोजक शिवम भार्गव ने बताया अधिवेशन में मान-सम्मान कार्यक्रम भी हुआ। इसमें 16 श्रेणियों में 85 पुरस्कार देने की परंपरा है। इस बार अलग-अलग श्रेणियों में 50 लोगों को अवॉर्ड दिए गए। इनमें 10वीं, 12वीं, इंजीनियरिंग, मेडिकल, चार्टर्ड अकाउंटेंसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र शामिल रहे। साथ ही समाज का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वालों को भी सम्मान मिला। सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र, स्मारिका और चांदी का पदक दिया गया। यह अवॉर्ड सभा के प्रधान अनिल भार्गव, प्रधान सचिव संजय भार्गव, कोषाध्यक्ष विजय भार्गव, उप प्रधान अजय भार्गव, मोहित भार्गव और विवेक भार्गव ने प्रदान किए। संचालन हेमंत भार्गव जयपुर, ऋतु भार्गव दिल्ली और सुधीर भार्गव उज्जैन ने किया।

# दो सप्ताह बाद रात का पारा 11 के पार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दिसंबर के चौथे सप्ताह में मौसम बदल गया है। सोमवार को सुबह और शाम को आसमान पर लालिमा छाई रही। साथ ही बादलों का डेरा भी रहा। इससे दो सप्ताह बाद रात का पारा 11 डिग्री के पार पहुंच गया।


इसके पहले 7 दिसंबर को शहर का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहा था। दोपहर में तेज धूप भी निकली। शाम को फिर से सर्द हवा ने असर दिखाना शुरू कर दिया। शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार सोमवार को न्यूनतम तापमान 0.9 डिग्री बढ़कर 11.4 पर पहुंच गया जबकि अधिकतम तापमान 0.2 डिग्री बढ़कर 27.2 डिग्री हो गया। आर्द्रता सुबह 86 और शाम को 53 फीसदी रही। हवा की गति सुबह शून्य और शाम को 4 किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की गई। जिसके कारण उज्जैन प्रदेश के ऐसे पांच शहरों में शामिल रहा, जहां का न्यूनतम तापमान सबसे ज्यादा रिकॉर्ड किया गया।

**खेती-किसानी:** गेहूं-चने को होगा लाभ सर्दी गेहूं-चने की फसल को बढ़ाने में मददगार होती हैं। आलू की ऐसी फसल जो पकने वाले वाली या खेत से बाहर आने वाली है, उनमें आंशिक नुकसान की आशंका है। सब्जी वर्गीय फसलों में ज्यादा कोहरा से फूल गिर सकते हैं।

**-डॉ. एके दीक्षित, वैज्ञानिक केविके**

उज्जैन
बुधवार
24
दिसम्बर, 2025

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### पैर पर गाड़ी चढ़ाई, फिर एसिड टैंक में फेंका

**इंदौर।** पीथमपुर के चीरा खान गांव में बुआ से मिलने आए युवक के साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट का मामला सामने आया है। युवक को बेरहमी से पीटने के बाद उसके पैर पर गाड़ी चढ़ाई गई और फिर फैक्टरी के एसिड टैंक में फेंक दिया गया। वह 98 प्रतिशत झुलसा है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस बयान लेने पहुंची, लेकिन जीभ जलने के कारण वह स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बता सका। पीथमपुर सेक्टर-1 टीआई ओपी अहिर के अनुसार घायल ऋषि दुबे (23), निवासी महादेव नगर, राजेंद्र नगर, 22 दिसंबर को इंदौर से बुआ के घर आया था। भाई सौरभ दुबे से विवाद के बाद वह नशे में वहां से निकल गया। 23 दिसंबर की सुबह वह राज-रतन फैक्टरी में घायल अवस्था में मिला। परिजन का आरोप है कि पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच नहीं की।

### डेंटल कॉलेज में रैगिंग के आरोप में 3 छात्राएं सस्पेंड

**इंदौर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के बाद शासकीय डेंटल कॉलेज में भी रैगिंग का गंभीर मामला सामने आया है। एमडीएस प्रथम वर्ष के 6 विद्यार्थियों ने सीनियर छात्राओं पर मानसिक प्रताड़ना और अनुचित दबाव बनाने के आरोप लगाए। शिकायत में बताया गया कि सीनियर छात्राएं उन्हें सुबह तय समय से पहले कॉलेज बुलातीं, डिपार्टमेंट खोलने का काम करातीं और छुट्टी के बाद देर तक बैठाए रखती थीं। जूनियरों को सीनियर के बाद ही खाना खाने और बिना अनुमति कॉलेज परिसर से बाहर न जाने का दबाव बनाया जाता था। विद्यार्थियों ने यूजीसी में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद कॉलेज प्रबंधन ने एंटी रैगिंग कमेटी से जांच कराई। जांच के दौरान तीन सीनियर छात्राओं को 15 दिनों के लिए सस्पेंड किया गया और उनसे लिखित रूप में भविष्य में ऐसी गलती न करने का आश्वासन लिया गया। कार्रवाई की जानकारी यूजीसी को भी भेजी गई।

### आसमान साफ होते ही न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री कम हुआ

**इंदौर।** दो दिन तक रहा बादलों असर सोमवार को खत्म हो गया। आसमान साफ होते ही रात की ठंड फिर असरदार हो गई। न्यूनतम तापमान जो 8.8 डिग्री तक चला गया था, वह 2.4 डिग्री घटकर 6.4 डिग्री रविवार रात को रिकॉर्ड किया गया। बादलों की वजह से ओस गिरना बंद हो गई थी। सोमवार को सुबह कारों की छत, बगीचों की घास भीगी-भीगी थी। सुबह 9 बजे तक तेज ठंड महसूस होती रही। इस बार न्यूनतम तापमान ने 35 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। पारा 4.1 डिग्री के निम्नतम स्तर पर तो गया ही, 5 दिसंबर के बाद से अब तक इकाई के अंक में ही रिकॉर्ड हो रहा है। वहीं, अधिकतम तापमान 1 दिसंबर से 26-28 डिग्री के बीच ही रिकॉर्ड हो रहा है। असर यह है कि रात में कड़ाके की ठंड सुबह 11 बजे तक कमजोर पड़ रही है। महसूस नहीं हो रहा कि रात में पारा 4 से 5 डिग्री तक गया होगा।

### कचरा जलाने पर इंदौर निगम ने कंपनी पर की कार्रवाई

**इंदौर।** इंदौर के न्यू इंडस्ट्रियल पार्क इलाके में पैम्पस फर्नीचर सॉल्यूशन कंपनी ने कंपनी के बाहर खाली प्लॉट में कचरा जला दिया। सूचना पर निगम अधिकारी मौके पर पहुंचे और कंपनी पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई की। नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर इंदौर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर लगातार सख्ती बरती जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को जोन क्रमांक 17 अंतर्गत वार्ड 18 स्थित औद्योगिक क्षेत्र में कचरा जलाने के मामले में कार्रवाई की गई। जोन 17 के मुख्य स्वच्छता निरीक्षक (सीएसआई) सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि नियमित निरीक्षण के दौरान कचरा जलाने की पुष्टि हुई।

### इस साल रोजाना 11 हजार से ज्यादा लोगों ने किया सफर, फरवरी से 24 घंटे खुला रहेगा एयरपोर्ट

# इंदौर एयरपोर्ट ने बनाया रिकॉर्ड, यात्रियों की संख्या 40 लाख पार

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**




**सिर्फ नवंबर में 40.47 लाख लोगों ने की यात्रा**

इंदौर एयरपोर्ट के हवाई इतिहास में 2025 सबसे खास बनने जा रहा है। इंदौर एयरपोर्ट के 87 सालों के इतिहास में पहली बार यात्रियों की संख्या 40 लाख के आंकड़े को पार कर गई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी से मिली जानकारी के अनुसार, 1 जनवरी 2025 से 30 नवंबर 2025 तक इंदौर एयरपोर्ट से कुल 40 लाख 47 हजार 358 यात्रियों ने सफर किया है।

इस अवधि में करीब 30 हजार उड़ानों का संचालन हुआ। औसतन पूरे साल इंदौर से रोजाना 11 हजार से ज्यादा यात्री और 82 उड़ानें संचालित रहीं। एयरपोर्ट अथॉरिटी के मुताबिक जनवरी से नवंबर तक इंदौर एयरपोर्ट से कुल 40.47 लाख यात्रियों ने यात्रा की। नवंबर अकेला ऐसा महीना रहा, जिसमें 4.23 लाख यात्रियों ने उड़ान भरी और 2,973 फ्लाइट्स संचालित हुईं। यह अब तक किसी एक माह का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। रिकॉर्ड साल के बीच दिसंबर की शुरूआत में इंदौर एयरपोर्ट ने एक असामान्य स्थिति भी देखी। 3 से 23 दिसंबर के बीच इंदौर से 250 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं। इसका सबसे ज्यादा असर दिल्ली और मुंबई रूट पर पड़ा, जहां रोजाना 6 से 8 उड़ानें निरस्त होती रहीं। नवंबर में जहां प्रतिदिन औसतन अधिक उड़ानें संचालित हो रही थीं, वहीं, दिसंबर के पहले पखवाड़े में यह संख्या घटकर औसतन 79 उड़ानें प्रतिदिन रह गईं। इंदौर एयरपोर्ट पर रनवे मरम्मत का कार्य चल रहा है। इसी कारण एयरपोर्ट रात 10:30 बजे से सुबह 6:30 बजे तक बंद रहता है, जिससे रात की उड़ानों का संचालन नहीं हो पा रहा है। फरवरी से एयरपोर्ट के पुनः रात में चालू होने की संभावना है, जिससे उड़ानों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

### सितंबर में सबसे कम यात्रियों ने किया सफर

- सितंबर माह में देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से कुल 2,393 उड़ानों का संचालन हुआ, जिनमें 3 लाख 35 हजार 933 यात्रियों ने यात्रा की। इसकी तुलना में अगस्त में 2,500 उड़ानें संचालित हुई थीं और 3 लाख 61 हजार 30 यात्रियों ने सफर किया था। इस प्रकार, एक माह में 107 उड़ानें और 25,097 यात्रियों की कमी दर्ज की गई। प्रतिशत के लिहाज से यात्रियों की संख्या में 7 प्रतिशत और उड़ानों की संख्या में 4.3 प्रतिशत की गिरावट आई।
- **2019 और 2023 के आंकड़े-** साल 2023 में इंदौर एयरपोर्ट से 35 लाख 39 हजार 406 यात्रियों ने सफर किया था, जो उस समय तक का सबसे बड़ा आंकड़ा था। इससे पहले वर्ष 2019 में 30 लाख 24 हजार 364 यात्रियों ने यात्रा की थी।

### 20 से अधिक शहरों से सीधा कनेक्शन

इंदौर से देश और विदेश के 20 से अधिक शहरों के लिए सीधी उड़ानें संचालित हो रही हैं। इनमें दिल्ली, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, चंडीगढ़, जम्मू, जयपुर, जोधपुर, रीवा, जबलपुर, ग्वालियर, रायपुर, कोलकाता, लखनऊ, प्रयागराज, अहमदाबाद, नागपुर, गोवा, उदयपुर, शिर्डी, गोंदिया और शारजाह शामिल हैं।

**रात की उड़ानें बंद होने के बावजूद बढ़ रहे यात्री-** ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अमोल कटारिया ने बताया कि 28 अक्टूबर से लागू विंटर शेड्यूल के तहत रनवे सुधार कार्य को देखते हुए रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक उड़ानों के संचालन पर रोक लगाई गई है। इसके चलते अब 24 घंटे संचालित रहने वाला एयरपोर्ट केवल 18 घंटे ही सक्रिय है। इसके बावजूद यात्रियों और उड़ानों की संख्या में वृद्धि दर्ज होना न केवल एविएशन उद्योग, बल्कि पर्यटन और स्थानीय व्यापार के लिए भी सकारात्मक संकेत है।

### स्कीम 113 तोड़ने के मामले में इंदौर हाईकोर्ट की अंतरिम राहत

# नगर निगम की कार्रवाई पर 6 जनवरी तक रोक

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**



इंदौर हाईकोर्ट ने स्कीम नंबर 113 से जुड़े ध्वस्तीकरण के मामले में याचिकाकताओं को अंतरिम राहत दी है।

दरअसल, नगर निगम जोन-7 के भवन अधिकारी को वार्ड क्रमांक 32 स्थित स्कीम नंबर 113 में अवैध निर्माण को लेकर एक आवेदन प्राप्त हुआ था। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए भवन अधिकारी ने कुछ निमार्णाधीन भवनों के मालिकों को नोटिस जारी किया।

भवन अनुमति, स्वीकृत नक्शे और मौके पर हुए निर्माण की जांच के बाद अधिकारी ने निमार्णाधीन मकानों में नक्शे के विपरीत निर्माण पाए जाने की बात कही। इसके बाद भवन अधिकारी ने उक्त निर्माण को 15 दिनों के भीतर तोड़ने का आदेश पारित कर दिया।

इस आदेश के खिलाफ याचिकाकताओं ने अधिवक्ता विस्मित पानोत एवं अधिवक्ता प्रणीति शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट, इंदौर में याचिका दायर की।

सुनवाई के दौरान अधिवक्ता विस्मित पानोत ने न्यायालय को बताया कि भवन अधिकारी ने प्राप्त शिकायत पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करते हुए अपनी मनमर्जी से याचिकाकताओं के मकानों पर कार्रवाई की, जो संविधान के अनुच्छेद 14 का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि निगम अधिकारी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा ध्वस्तीकरण मामलों में जारी किए गए महत्वपूर्ण दिशा-निदेर्शों का पालन नहीं किया है। इसी आधार पर अंतरिम राहत की मांग की गई।

वहीं, नगर निगम की ओर से पेश जवाब में की गई कार्रवाई को उचित ठहराते हुए याचिका को निरस्त किए जाने की मांग की गई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकताओं के प्लॉट पर 6 जनवरी 2026 तक कोई ध्वस्तीकरण कार्रवाई नहीं की जाए। साथ ही कोर्ट ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि वह 6 जनवरी 2026 तक पूरी कार्रवाई से संबंधित विवरण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करे।

# 1200 कॉलोनियों के परिवारों पर थोपा गया कर वापस हो

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव प्रमोद शुक्ला ने मंगलवार को इंदौर में संपत्ति कर वृद्धि के प्रस्ताव को निरस्त करने संबंधी मांग पर सुनवाई की। इस दौरान पूर्व पार्षद दिलीप कौशल अपने अधिवक्ता जयेश गुरनानी के साथ मंत्रालय पहुंचे और संपत्ति कर वृद्धि के प्रस्ताव को रद्द कर इंदौर के 7.35 लाख संपत्ति कर खातों में लगाए गए अतिरिक्त कर को वापस लेने की मांग रखी।

गुरनानी के मुताबिक, साल 2020 में मध्य प्रदेश सरकार ने राजपत्र जारी कर प्रत्येक जिले में संपत्ति कर लेने या बढ़ाने के लिए कलेक्टर द्वारा मौजूदा वित्त वर्ष में निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार संपत्ति कर निर्धारण के नियम बनाए थे। लेकिन इंदौर की भाजपा परिषद द्वारा इस नियम को दरकिनार करते हुए पूर्व की संपत्ति कर दरों में सीधे 10% की वृद्धि कर दी गई। इससे नगरीय क्षेत्र की 923 कॉलोनियां सीधे तौर पर प्रभावित हुईं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 और 2025-26 की कलेक्टर गाइडलाइन में 923 कॉलोनियों में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं हुई है। वहीं, 146 नई कॉलोनियों का मूल्यांकन पहली बार होने के कारण उन पर संपत्ति कर बढ़ाना भी अनुचित है। इसके अलावा 184 कॉलोनियों की गाइडलाइन में 0% से 10% तक वृद्धि होने के बावजूद सभी पर समान रूप से 10% संपत्ति कर बढ़ा दिया गया।

### इंदौर में नो मैपिंग श्रेणी के 1.33 लाख वोटर

# ट्रांसफर और मृत श्रेणी के 4.47 लाख वोटर, अब कुल मतदाता 24.20 लाख

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के लिए नियुक्त रोल पर्यवेक्षक और भारत सरकार के संयुक्त सचिव बृजमोहन मिश्रा की विशेष उपस्थिति में आज इंदौर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा ने की।

बैठक में बृजमोहन मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि एसआईआर की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता, समयबद्धता और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण की जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता वोटर लिस्ट में शामिल होने से वंचित न रहे और अपात्र का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो। बैठक में कलेक्टर ने जिले में चल रहे एसआईआर की जानकारी दी। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान और जिले में हुई नवाचारों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि इंदौर जिला स्वच्छता में तो अव्वल है ही, इस कार्य में भी अव्वल रहेगा। बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को एसआईआर की अधिसूचना जारी की गई। इसी दिन की मतदाता सूची को फ्रीज किया गया। इंदौर जिले में 27 अक्टूबर 2025 की स्थिति में कुल 28 लाख 67 हजार 294 मतदाता दर्ज थे। इनमें पुरुष मतदाता 14 लाख 42 हजार 208, महिला मतदाता 14 लाख 24 हजार 980 और अन्य मतदाता 106 थे।

नवम्बर 2025 से 18 दिसंबर 2025 तक गणना पत्रक का वितरण और भरे हुए गणना पत्रक, बीएलओ के माध्यम से प्राप्त कर डिजिटलाइज किए गए।

18 दिसम्बर 2025 तक कुल 24 लाख 20 हजार 171 गणना पत्रकों को डिजिटलाइज किया गया। जिले में नो मैपिंग श्रेणी में 1 लाख 33 हजार मतदाता हैं। जिले में अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत श्रेणी के मतदाताओं की संख्या 4 लाख 47 हजार 123 है। जिनके आवेदन बीएलओ द्वारा ऐप पर अपलोड किए गए हैं। जिले में मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण भी किया गया। पूर्व में जिले में 2625 मतदान केन्द्र थे। युक्तियुक्तकरण के पश्चात 585 नए मतदान केन्द्र बढ़ाए गए। अब जिले में कुल 3210 मतदान केन्द्र हैं।

## खबर एक नजर...

### संविधान दिवस मनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है

**उज्जैन।** बाबा भीमराव आंबेडकर की जयंती परिनिर्वाण दिवस और संविधान दिवस मनाने की जिम्मेदारी सिर्फ अनुसूचित जाति मोर्चा की नहीं है, हम सब की भी है। हम सभी को इन कार्यक्रमों में भागीदारी करना चाहिए।

ये बात भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष ने कही। संगठन भाव को लेकर उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी परिवार भाव से चलती है। पद एक व्यक्ति को मिलता है, दावेदार कई रहते हैं। संगठन किसी एक को जिम्मेदारी दे देता है तो बाकी के सभी दावेदार संगठन भाव से काम में लगते हैं, यही परिवार भाव है। महिला आरक्षण पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने तय किया है कि 50 फीसदी महिला आरक्षण रहेगा। संगठन और सत्ता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। बैठक को प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने भी संबोधित किया। इस दौरान लता वानखेड़े, प्रभुलाल जाटवा, संजय अग्रवाल, अनिल फिरोजिया, अनिल जैन कालुहेड़ा, जितेंद्र सिंह पंड्या, तेज बहादुर सिंह चौहान, सतीश मालवीय, मुकेश टटवाल, कलावती यादव व राजेश धाकड़ आदि मौजूद रहे।

### नव आरक्षकों के लिए जंगल कैंप लगाया

**उज्जैन।** पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के नव आरक्षकों के लिए ध्यान दिवस पर जंगल कैंप लगाया गया, ताकि पुलिस जवानों को हर परिस्थिति में काम करने का अनुभव रहे। पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण राजाबाबू का वीडियो मैसेज सुनाया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुलिस बल के सदस्यों के लिए मानसिक दृढ़ता, तनाव प्रबंधन और एकाग्रता अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

### तरणताल पर स्वीमिंग पूल का निर्माण जल्द करें

**उज्जैन।** देवास रोड स्थित नगर निगम के तरणताल परिसर में हो रहे निर्माण कार्यों को सोमवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अवलोकन किया। उन्होंने शेष बने काम को जल्द निपटाने के निर्देश दिए। काम में गति के लिए संबंधित ठेकेदार से संसाधन एवं मैनपॉवर बढ़ाने के निर्देश भी दिए। मौजूद साइड कर्मचारियों ने बताया कि करीब 6 करोड़ रुपए से हो रहे निर्माण कार्य में स्वीमिंग पूल का काम कुछ शेष है।

---

#### महिला विमर्श, महिला स्वास्थ्य : सर्वोच्च प्राथमिकता

# स्वास्थ्य समस्या के होने पर गूगल से नहीं, अपने डॉक्टर से बात करें- शोभा ताई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, महिला कार्य, उज्जैन द्वारा संयुक्त रूप से महिला विमर्श ह्यमहिला स्वास्थ्य : सर्वोच्च प्राथमिकता विषय पर कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में सारस्वत अतिथि शोभा ताई राष्ट्रीय संयोजिका महिला कार्य शि.सं.उ. न्यास ने कहा पोषण पर फोकस कम होना ही कारण है कि 65 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। शारीरिक और मानसिक तौर पर अर्थात समग्र रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। उन्होने यह भी कहा कि पोषण दिनचर्या सहित हर शिक्षा घर से होती है, बेटी ब्याहो बहू पढ़ाओ। प्रांत संयोजक महिला कार्य डॉ प्रेरणा मनाना ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि वर्तमान समय महिलाओं के हर क्षेत्र में उपलब्धियाँ पाने का जश्न मनाने का है तो यही अवसर उन मुद्दे पर भी बात करने का है जो अक्सर अनदेखे किए जाते है और वह है स्वास्थ्य। महिला स्वास्थ्य सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, अपितु एक राष्ट्र और समाज के समग्र विकास के लिए एक आवश्यक निवेश है, प्रोत्साहक और निवारक स्वास्थ्य दोनों समान रूप से जरूरी है।



अतिथि वक्ता डॉ शिल्पा कोठारी स्त्री रोग विशेषज्ञ ने कहा कि किसी भी स्वास्थ्य समस्या के होने पर गूगल से बात करने के बजाय आपने डॉक्टर से बात करे। उन्होंने कहा कि भारतीय थाली में बहुत सारा प्यार होता है प्यार के साथ अपने भोजन के सभी भागों को बैलेंस भी करें। स्वस्थ दिनचर्या रखें। इससे आपके हार्मोनल इमबैलेंस पीसीओडी बांझपन आदि समस्याओ से जुझने में सहायता मिलेगी।

अतिथि वक्ता फादर डॉ एंटनी जोसफ निपारेल डायरेक्टर निर्मला कॉलेज ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाना महती आवश्यकता है। मानसिक स्वास्थ्य कैसा है यह पता करने के लिए कोई पैथोलॉजिकल टेस्ट तो होती नहीं। हमे प्रभावित व्यक्ति के व्यक्तिगत संघर्ष पारिवारिक सामाजिक परिस्थितियां आदि से पता करना पड़ता है। उन्होने कहा कि अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के लिए थिंकिंग इमोशन और एक्शन एक जैसे हो। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत पुराणिक ने कहा. जागरुकता सचेतनता और जानकारी अभाव में ही समग्र स्वास्थ्य प्रभावित होता सचेतक रहना ही अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त है। स्वयं जो स्वस्थ है वही दुसरों का भी अच्छी तरह ध्यान रख सकता है। स्वागत वक्तव्य डॉ नीता तपन ने दिया। सरस्वती वंदना संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई। अतिथि परिचय सावित्री महंत डॉ कीर्ति डीडी और आराधना गंधरा ने दिया।

अतिथि स्वागत पुस्तक भेंट द्वारा डॉ नीरज सारवान, डॉ नीता तपन, समीक्षा व्यास ने किया। वंदे मातरम का पूर्ण गायन मनीषा व्यास द्वारा प्रस्तुत किया गया। संचालन डॉ अर्चना अखंड ने किया। आभार डॉ रश्मि भार्गव ने माना।

---

### कीर्तिराज सिंह पिपलिया हामा ने निशाने बाजी में फिर रचा इतिहास

**उज्जैन।** उज्जैन के ग्राम पिपलिया हामा के निवासी कीर्तिराज सिंह चौहान पिता अश्विनी सिंह पिपलिया हामा ने भोपाल शूटिंग अकादमी में नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 11 दिसंबर से 31 दिसंबर तक भोपाल मे आयोजित 68वी नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर .22 राइफल पीप साइट (एलआर) के प्रोन पोजीशन में निर्धारित अंकों से ज्यादा अंक अर्जित करते हुए रिनाउंड शूटर की पोजीशन प्राप्त की।

वीर राइफल शूटिंग सोसाइटी के प्रशिक्षणरत 17 वर्षीय बालक उज्जैन से एक मात्र छात्र कीर्तिराज सिंह ने आल इंडिया नेशनल राइफल शूटिंग कंपीटीशन में 594/600 अंक प्राप्त कर आगामी प्रतियोगिता के लिए लिए अपना पांचवां स्थान सुरक्षित कर मध्य प्रदेश ही नहीं अपितु उज्जैन का नाम गौरवान्वित किया। अब कीर्तिराज आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे और मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर सेंटमेरी स्कूल के छात्र कीर्तिराज के क्लब के गुरुजनों, सह पाठियों, मित्रों द्वारा बधाई एवं आशीर्वाद प्रदान किया एवं आगामी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक के लिए निशाना साधने के लिए बधाईयां प्रेषित की है '

---

# सार्थक एप से डिजिटल उपस्थिति जरूरी, घर बैठे नहीं कर सकेंगे दर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत अधिकारी औप कर्मचारियों की उपस्थिति को डिजिटल, सटीक एवं पारदर्शी रूप से दर्ज किए जाने के लिए सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति प्रणाली लागू की गई है।

सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि जिले के सभी अधिकारी और कर्मचारियों को स्वयं की उपस्थिति सार्थक एप से दर्ज करना अनिवार्य है। किसी भी कर्मचारी अथवा आरओ द्वारा उपस्थिति दर्ज न किए जाने की स्थिति में संबंधित दिवस को अनुपस्थित माना जाएगा, अन्य किसी माध्यम से दर्ज उपस्थिति मान्य नहीं होगी। अधिकारी, कर्मचारी का वेतन भुगतान केवल उस स्थिति में किया जाएगा, जब उसकी उपस्थिति सार्थक एप पर दर्ज पाई गई हो। यदि किसी भी कर्मचारी द्वारा जानबुझकर, प्रॉक्सी उपस्थिति देना, किसी और माध्यम से चेक-इन कराना, गैर-कार्यस्थल से उपस्थिति दर्ज करना, सेवा अनुशासन का उल्लंघन माना जाएगा। इसी प्रकार यदि कोई कर्मचारी जानबूझकर चेहरे को ढंककर या अंधेरे में अस्पष्ट फोटो खींचकर उपस्थिति दर्ज करता है जिससे सत्यापन बाधित होता है, तो ऐसी प्रविष्टि को भी अवैध मानते हुए अनुपस्थित की श्रेणी में लिया जाएगा।



---

# आज रात कैथोलिक चर्च में मनाया जायेगा प्रभु यीशु का जन्मोत्सव

#### धर्मगुरू बोले प्रेम, शांति का संदेश देने के लिये ईश्वर मानव बनाकर आया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

क्रिसमस पर्व ईसाई समुदाय के प्रभु यीशु का जन्म उत्सव 25 दिसंबर को मनाया जायेगा। इससे पहले मंगलवार को कैथोलिक चर्च के धर्मगुरू ने कहा कि प्रभु यीशु ने प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिये जन्म लिया था। प्रभु यीशु ईश्वर का पुत्र है, जो मानव बनकर आया था।

ऋषिनगर मारिया नगर कैथोलिक चर्च के धर्मगुरू (आर्चबिशप) सेबास्टियन वडक्केल ने क्रिसमस से पहले तैयारियों और आज रात मनाये जाने वाले जन्मोत्सव को लेकर प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की। इस दौरान उन्होने कहा कि प्रभु यीशु ईश्वर का पुत्र है। ईश्वर ने मानव बनकर प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश देने के लिये जन्म लिया। प्रभु यीशु मानव जाति के लिये पैदा हुआ। ईश्वर इसलिये भी मनुष्य बन गया ताकि मनुष्य के पास उसकी पूर्णता में जीवन हो। हम सभी इसी में लगे है। क्रिसमस पर्व मानवता को गौरांवित करता है। उन्होने पूरे देशवासियों को क्रिसमस की बधाई दी।



### मसीही चर्च में 25 दिसंबर को आयोजन

देवासरोड स्थित मसीही चर्च में 25 दिसंबर की सुबह क्रिसमस पर्व की आराधना होगी। समाजजनों द्वारा प्रार्थना सभा में भागीदारी की जायेगी और दोपहर में उत्सव मनाया जायेगा। मसीही चर्च को विशेष रूप से सजाया गया है।

---

#### उज्जैन में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महाधिवेशन आयोजित

# अधिवेश में ज्योतिषाचार्य बोले - लव-जिहाद पर शनि-चंद्रमा और केतु का प्रभाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लव जिहाद कैंसर के समान है। इसमें सभी व्यक्तियों को और भारतीयों को इस पर चिंतन करना चाहिए। ऐसा नहीं कि मैं करूं या आप करो। जिस प्रकार जब ज्योतिष के पास कोई जजमान आता है, तो कुंडली से पता लगाया जा सकता है कि कौन सा लड़का या लड़की लव जिहाद के केस में फंसेंगे। अभी तक हम देखते थे कि सिर्फ लड़कियां ही फंसती थीं।

उन्होंने कहा कि आज लड़के भी लव जिहाद के केस में फंस रहे हैं। उनको उलझाकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है, जो देशहित में नहीं है। जब देशहित में नहीं है और जब भारत के युवा लड़के और लड़की कमजोर होंगे, तो हम सनातन धर्म को नहीं बचा पाएंगे। जब सनातन धर्म नहीं बचेगा तो भारत भी नहीं बचेगा। हम कहेंगे भगवान देख रहा है तो यह बात झूठी है। हर व्यक्ति भगवान है। हर व्यक्ति के आत्मा में भगवान निवास करता है, तो हम सभी को इस क्षेत्र में काम करना चाहिए। यह बात कालिदास अकादमी परिसर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महाधिवेशन में ज्योतिषाचार्य डॉ. बसंत सोनी ने कही।

उज्जैन में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महाधिवेशन आयोजित किया गया था, जिसमें नेपाल से तंत्र विद्या के जानकार चुरामणि पांडेय, इंदौर से ज्योतिष शिव मेहता, राजस्थान से जयंत कीर्ति, खरगोन से बसंत सोनी, उज्जैन से कीर्ति व्यास, दिल्ली से एस एच रावत, दिल्ली से राजेश शर्मा मानवेन्द्र रावत मुख्य रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान ज्योतिर्विज्ञान के विद्यार्थियों ने अपना-अपना शोध पढ़ा, लेकिन यह पहली बार था जब ज्योतिष सम्मेलन में लव जिहाद को लेकर यह बात उठी और ज्योतिषियों ने इससे बचने के उपाय भी बताए।

दुर्भाग्य कि बात यह है कि हम कहेंगे कि लव जिहाद में अभी जो काम हो रहा है, वह पढ़े लिखे लड़के लड़कियों में ही ज्यादा हो रहा है, क्योंकि वह शिक्षा से क्षेत्र में आगे बढ़ जाते हैं, लेकिन धर्म से बहुत दूर हो जाते हैं और फिर उनके माता पिता को डॉक्टर, इंजीनियर और बड़े-बड़े पद पर इंजीनियर बनाने के प्रयास करते हैं। लेकिन वह उनको अच्छा इंसान बनाने के लिए और धर्म के प्रति कोई भी बात बताने के लिए तैयार नहीं होते हैं। अब उसका बुरा प्रभाव पड़ता है। उसके ऊपर लव जिहादी लोग बहुत मेहनत करके पीछे पड़ रहे हैं और माता-पिता के हाथ टिक जाते हैं और असहाय हो जाते हैं। उसकी प्रॉपर्टी भी उनकी हो जाती है और यह बहुत बड़ा अभियान चल रहा है। इस पर हमको विचार करना चाहिए।

ज्योतिषाचार्य बसंत सोनी ने कहा कि रिसर्च में सामने आया है की 1500 लड़कियों को रोजाना लव जिहाद में फंसाया जाता है। पढ़ी लिखी लड़कियां ज्यादा फंस रही हैं। इनकी कुंडलियों पर रिसर्च किया, जिनकी कुंडली के अंदर शुक्र-चंद्रमा के साथ बैठा हो, शुक्र छठें, आठवें या बारहवें स्थान पर हो उसके साथ शनि-चंद्रमा और केतु ग्रह बैठा हो तो लव जिहाद का काल बनता है। जिससे लड़की कम समय में लोगों की बातों में आ जाती है। माता-पिता को अपने बच्चों की कुंडली दिखाकर पूछना चाहिए कि ये किसी लव जिहाद में तो नहीं फंस रहे हैं। इससे बचने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ रोजाना कराएं। आंखों में सुरमा लगाए लड़कों के चक्रव्यूह से बचने के लिए एक मात्र हनुमान चालीसा का पाठ और धर्म शास्त्र के अध्ययन कर बचा जा सकता है अलग-अलग छात्रों ने अपना शोध पढ़ा।

## खबर एक नजर...

### भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीला सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

उज्जैन। क्षीरसागर स्थित नीमा धर्मशाला में आयोजित सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा में सोमवार को कथावाचक गोस्वामी गोवर्धनेश महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। वेणु गीत और गोवर्धन लीला का संगीतमय रसपान कराया। गोवर्धन एम. नीमा ने बताया कथा के दौरान परिषद द्वारा प्रकाशित पुस्तक गोपी गीत का विमोचन किया गया। इसमें कृष्ण और गोपियों की कथा का वर्णन है। पूर्व कार्यक्रम में श्रीकृष्ण शरणम्‌ ममहः जाप के लिए कॉपियां वितरित की गई थीं। सबसे अधिक जाप लिखने पर कृष्णा नीमा को प्रथम, बालकृष्ण मेहता को द्वितीय और श्रीमती सुशीला बेन दिसावल को तृतीय पुरस्कार मिला। कथा के बाद ठाकुरजी को 56 भोग लगाकर भक्तों को अन्नकूट दर्शन कराए गए। वल्लभ साकी का संगीतमय पाठ मयूर शर्मा और साथियों ने किया।

### योजनांतर्गत नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

उज्जैन। म.प्र. जन अभियान परिषद जिला उज्जैन में संवाद योजनांतर्गत जिला स्तरीय नवांकुर संस्थाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन संभाग समन्वयक शिव प्रसाद मालवीय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय ऋषिनगर में किया गया। बैठक में जिला समन्वयक जय दीक्षित द्वारा विकासखंडवार संस्थाओं के कार्यवृत लिए एवं पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की । संभाग समन्वयक द्वारा नवांकुर संस्थाओं की समीक्षा कर चयनित संस्थाओं का समितियों से संपर्क, एम आई एस पर अपडेशन- रिपोर्ट मीटिंग, मीडिया इन्फारमेशन अभियान में समय पर एंट्री करना, सेक्टर बैठक का आयोजन, समिति के दस्तावेजीकरण, संभाग समन्वयक के प्रवास पर विकासखंड स्तरीय बैठक का आयोजन, सहयोगी संस्था के साथ संयुक्त कार्यक्रम करना, आदर्श ग्राम पर कार्य, संस्कार केन्द्र, जन सूचना केन्द्र ,गौशाला, दीवार लेखन आदि विषयों पर चर्चा करना शामिल है। नवांकुर सखी कार्यक्रम के लिए नर्सरी तैयार करना, नवांकुर संस्थाओं को परामर्शदाताओं के साथ समन्वय करना, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में विकासखंड समन्वयक संदीप मालवीय, मोहन सिंह परिहार, रेणुका श्रोत्रिय, नम्रता तिवारी, इंद्रेश पंवार चयनित नवांकुर संस्थाओं के पदाधिकारीउपस्थित रहे। बैठक का संचालन संदीप मालवीय एवं आभार मोहनसिंह परिहार द्वारा माना गया।

### प्रतीक सिंह मेवाड़ यूनिवर्सिटी के गोल्ड मेडलिस्ट

**नीमच।** नगर पालिका नीमच के स्वच्छता निरीक्षक भारत सिंह भारद्वाज एवं महिला पुलिस प्रधानआरक्षक श्रीमती संतोष भारद्वाज के सुपुत्र श्री प्रतीक सिंह भारद्वाज ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी चित्तौड़ से बी. ए. की परीक्षा 8.77 सीजीपीए से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया! प्रतीक सिंह भारद्वाज तेराकी में इंटरनेशनल खिलाड़ी भी रह चुके हैं! प्रतीक ने यह उपलब्धि हासिल कर परिवार, समाज व नीमच को गौरान्वित किया है!

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने निकाली शौर्य यात्रा

## भारत माता की जय, वंदे मातरम, बांग्लादेश आतंकवाद मुदार्बाद जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में नगर में ऐतिहासिक शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल शौर्य यात्रा में बड़ी संख्या में बजरंग दल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं हिंदू समाज के लोग शामिल हुए।

शौर्य यात्रा का शुभारंभ ऋषि नगर से किया गया, जहां से सुसज्जित वाहनों के साथ विशाल वाहन रैली निकाली गई। केसरिया ध्वजों से सजे वाहनों के साथ कार्यकर्ता राष्ट्रभक्ति और धर्मरक्षा के संदेश देते हुए आगे बढ़े। वाहन यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई शहीद पार्क स्थित कार्यालय पहुंची। शहीद पार्क कार्यालय से यात्रा ने पैदल मार्च का रूप लिया और अनुशासित पंक्तियों में चलते हुए कार्यकर्ता चामुंडा माता चौराहा पहुंचे। पूरे मार्ग में भारत माता की जय,




वंदे मातरम, बांग्लादेश आतंकवाद मुदार्बाद जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। इस दौरान बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों को लेकर गहरी चिंता और आक्रोश व्यक्त किया गया। कार्यकताओं ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समाज पर हो रहे हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस विषय को उठाने की मांग की।

चामुंडा माता चौराहे पर प्रतीकात्मक रूप से बांग्लादेश का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के माध्यम से आतंकवाद, कट्टरता और हिंदू विरोधी मानसिकता के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने देश में चल रहे तथाकथित लव जिहाद षड्यंत्र पर भी चिंता व्यक्त की और इसे सामाजिक ताने-बाने के लिए घातक बताया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को जागरूक रहकर ऐसे षड्यंत्रों का डटकर मुकाबला करना होगा और अपनी बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए संगठित रहना होगा। वक्ताओं ने यह भी आह्वान किया कि हिंदू धर्म, संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल सदैव तत्पर हैं और आने वाले समय में भी समाज को संगठित कर राष्ट्रहित में कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने एक स्वर में हिंदू समाज की एकता, राष्ट्र की अखंडता और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा का संकल्प लिया। इस शौर्य यात्रा में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के जिला, नगर और प्रखंड स्तर के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मुकेश कुमार ने ग्रहण किया जनसंपर्क अधिकारी-रतलाम मंडल का पदभार

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क विभाग में जन संपर्क अधिकारी इंदौर के रूप में श्री मुकेश कुमार ने 23 दिसंबर 2025 को पदभार ग्रहण किया। कुमार इससे पूर्व रतलाम मंडल में मंडल कार्यालय रतलाम में मुख्य जनसंपर्क निरीक्षक के रूप में पदस्थ थे।

### सांसद खेल महोत्सव का आयोजन संपन्न

नीमच। नीमच में विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बिखेरी भारतीय संस्कृति की अनुपम छटा**

# अखिल भारतीय भार्गव सभा के 134वें अधिवेशन का समापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल की पावन नगरी उज्जैन में अखिल भारतीय भार्गव सभा के 134वें अधिवेशन के समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम अत्यंत भव्यता, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुए। देश के विभिन्न राज्यों से पधारी सांस्कृतिक प्रतिभाओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से मंच को जीवंत कर दिया और उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

प्रचार प्रसार समिति के संयोजक राकेश भार्गव एवं सह संयोजक शिवम भार्गव ने बताया की सांस्कृतिक प्रतियोगिता को पाँच आयु वर्गों 5 से 10 वर्ष, 11 से 16 वर्ष, 17 से 25 वर्ष, 26 से 40 वर्ष तथा 40 वर्ष से अधिककृमें



विभाजित किया गया। प्रत्येक वर्ग में प्रतिभागियों ने नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। जिसे निर्णायक मंडल डॉ पल्लवी किशन, प्रतिभा रघुवंशी, लोकेश तोमर एवं दर्शकों ने भरपूर सराहना प्रदान की। प्रतियोगिता के विजेता इस प्रकार रहे

5 से 10 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम काव्या (उज्जैन), द्वितीय जीविषा (जयपुर), तृतीय परिशी (लखनऊ), 11 से 16 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम सानवी (जयपुर), द्वितीय अरुणी (आगरा), तृतीय सुहाना (उज्जैन), 17 से 25 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम डॉ. गौरंगी (जयपुर), द्वितीय रिशानी (उज्जैन), तृतीय कनिका (जयपुर), 26 से 40 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम नेहा (लखनऊ), द्वितीय मिसेज नेहा (पुणे), तृतीय मिसेज साक्षी (फरीदाबाद), 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम मीनाक्षी, प्रियंका (जयपुर), प्रीति, पायल (जयपुर), तृतीय शिल्पा, योगिता, कविता, नीतू (अजमेर) रहे। कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय भार्गव सभा के प्रधान अनिल भार्गव, प्रधान सचिव संजय भार्गव एवं विजय भार्गव की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम की सफलता में एबीबीएस सांस्कृतिक समिति के प्रधान जितेंद्र भार्गव (लखनऊ) के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## फिल्म राहु-केतु के गीत किस्मत की चाबी की लॉचिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सोमवार रात को फिल्म राहु-केतु के गीत किस्मत की चाबी का भव्य लॉन्च कार्यक्रम शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के मैदान में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि आज उज्जैन नगरी में फिल्म राहु-केतु के गीत की लॉचिंग हुई है। उन्होंने राहु-केतु फिल्म की सफलता की कामना करते हुए कहा कि इस फिल्म के गीत के माध्यम से देश के युवाओं, समाज और परिवारों पर होने वाले नशे के दुष्प्रभावों और इस बुराई को जड से खत्म करने का संदेश को जन-जन तक पहुंचेगा।

उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा कुछ समय पूर्व प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों की सीमा से मदिरा दुकानों को बाहर किया है। मुख्यमंत्री ने फिल्म के समस्त कलाकारों और उनकी टीम को अपनी ओर से शासन द्वारा हर संभव सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर फिल्म के कलाकारों को चंदेरी की शॉल और गोंद की पेंटिंग भेंट कर उनका सम्मान किया। फिल्म की टीम की तरफ से भी मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलन करने के पश्चात फिल्म के गानेह्ळ किस्मत की चाबीह्ळ को लॉन्च किया। इस दौरान फिल्म राहु केतु की टीम झ पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, शालिनी पांडे और सिंगर राजा कुमारी उपस्थित थे।उल्लेखनीय है की यह सॉन्ग लॉन्च सिर्फ एक म्यूज़िक इवेंट नहीं, बल्कि एक सोच है समाज में नशे के खतरे के बारे में जागरूकता फैलाने की, रोकथाम और रिकवरी को प्रोत्साहित करने की राहु केतु अपनी कहानी और म्यूजिक के जरिए इस संवेदनशील मुद्दे को बिना बोझिल बनाए, युवा वर्ग से जोडे जा सकने वाले अंदाज में लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है, ताकि सही समय पर सही कदम उठाया जा सके और समाज एकजुट होकर ज़िम्मेदारी निभाए। विपुल गर्ग द्वारा निर्देशित और जी स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत राहु केतु को जी स्टूडियोज और बीलाइव प्रोडक्शंस ने प्रोड्यूस किया है।

### कवि सुरेन्द्र सर्किट को काव्य कीर्ति पुरस्कार, खण्डेलवाल प्रगति मण्डल ने किया अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**उज्जैन।** खण्डेलवाल प्रगति मण्डल द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में स्व. श्री रामचन्द्र जी गुप्ता की स्मृति मे स्थापित वर्ष 2025 का काव्य कीर्ति पुरस्कार सुप्रसिद्ध कवि सुरेन्द्र सर्किट को प्रदान किया गया।

कार्यकम के प्रारम्भ मे संस्था का परिचय सचिव प्रकाश गुप्ता ने तथा स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष प्रवीण खण्डेलवाल द्वारा दिया गया। कवियों एवं मुख्य अतिथी अनिल जैन कालूहेडा विधायक तथा विशेष पत्रकार धीरज गोमे का मोतियों की माला तथा दुपट्टे द्वारा स्वागत अध्यक्ष प्रवीण खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष मोहनलाल खण्डेलवाल, सचिव प्रकाश गुप्ता ने किया। सुप्रसिध्द कवियत्री अर्चना अंनुम सिहोर का मोतियों की माला एवं दुपट्टे से सविता गुप्ता, गीता झालानी एवं अनिता झालानी ने स्वागत किया। सुप्रसिद्ध कवियत्री अर्चना अंनुम सिहोर, दीपांशु शुक्ल, अनुज पांचाल, सुगनचन्द्र जैन, प्रवीण अत्रे, पवन प्रबल, सुरेन्द्र सर्किट ने अपनी रचनाओं से कवि सम्मेलन मे समा बांध दिया।

## स्वास्थ्य शिविर में 123 की जांच, 19 के मोतियाबिंद के ऑपरेशन निःशुल्क कराये

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

युवा मंच सत्संग समिति, लायंस क्लब उज्जैन महाकाल, अमृत हॉस्पिटल इंगोरिया के संयुक्त तत्वावधान में युवा मंच सत्संग समिति उज्जैन मिशन वर्ष 2025-2026 का चौथा कैंप श्री हिरदेश्वर महा

देव मंदिर पंचकोशी यात्रा के प्रथम व अंतिम पड़ाव स्थल हीरा मिल परिसर जीरो पॉइंट ब्रिज के पास आयोजित किया गया।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि शिविर में निःशुल्क आंखों की जांच, निःशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन, शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सागर मारोठिया द्वारा दातों की जांच, गले रोग की जांच की गई। शिविर में 123 लोगों की जांच की गई। नेत्र परीक्षण पश्चात 19 पेशेंट मोतियाबिंद के पाए गए जिन्हें ऑपरेशन के लिए अमृत हॉस्पिटल इंगोरिया भेजा गया। दवा, चश्मा, ऑपरेशन, लाने और ले जाने की व्यवस्था, ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था निःशुल्क अमृत हॉस्पिटल की तरफ से की गई। शुगर, ब्लड प्रेशर आदि जांच श्रीजी हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर के द्वारा निःशुल्क की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी महेश लड्डा नरसिंह मंदिर सराफा के ट्रस्टी, अध्यक्ष लायन कैलाश डागा, पंकज निमा, नरेंद्र राठी, समाजसेवी विजय तिवारी, साध्वी मीरा दीदी, लायंस क्लब महाकाल के अध्यक्ष राजेंद्र गिल थे। अतिथिगणों ने दीप प्रज्वलित कर कैंप का शुभारंभ किया गया। हिरदेश्वर महादेव मंदिर जिर्णोद्धार कार्य हेतु महेश लड्डा द्वारा 11000 रुपए नगद राशि भेंट की गई। मंच अध्यक्ष मनोहर परमार, उपाध्यक्ष महेश सोनोने, सचिव विजय तिवारी, सहसचिव पारस कुमार जैन, कोषाध्याय पंडित संतोष शर्मा, कार्यालय प्रभारी धर्मेंद्र जैन, किशोर भाटी, महेश राठौर, महेंद्र कटियार, महेंद्र रामी, अनिल लश्करी, दीपक राव, अनुज शर्मा, नरेंद्र डोडिया, गणपत सिंह राणा, मुकेश भाटी, महिला मंच सत्संग समिति उज्जैन संयोजक गीताबेन रामी, गुरदीप सैनी, मुकेश नीमा सहित लायंस क्लब उज्जैन महाकाल के पदाधिकारियों ने सेवाएं दी। सभी का आभार मंच संस्थापक गोपाल बागरवाल ने माना।

## खबर एक नजर...

### जीनगर समाज का परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 11 जनवरी को

**मंदसौर।** जीनगर शिक्षा जागृति मंच एवं समाज उत्थान समिति मंदसौर द्वारा आगामी 11 जनवरी, रविवार को श्री कुशाभाऊ ऑडिटोरियम मंदसौर में प्रतिभावान सम्मान समारोह व रतलाम-मंदसौर-नीमच जिले के जीनगर समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का प्रथम निःशुल्क परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन को लेकर दशपुर कुंज में समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें समिति अध्यक्ष अनिल सांखला ने बताया कि समारोह में समाज के 70 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा तथा शासकीय सेवा में नवनियुक्त एवं शासकीय सेवा से अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों का तथा खेल जगत में समाज का नाम रोशन करने वाले खेल प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जाएगा। इस प्रतिभावान सम्मान समारोह के साथ जीनगर समाज मंदसौर-रतलाम-नीमच जिले का प्रथम निशुल्क विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा जिसमें परिवारों को आपस में मिलाने एवं भावी जीवनसाथी चुनने का अमूल्य अवसर प्रदान करेगा। परिचय सम्मेलन हेतु आवेदन 31 दिसम्बर तक भरकर समाज जमा कर सकते हैं। इस समारोह में प्रतिभावान छात्र- छात्राओं को लाभार्थियों द्वारा शील्ड, प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट किये जाएंगे।

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रदर्शनी व कार्यक्रम आयोजित

**मन्दसौर।** सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई, संजीत मार्ग में गणितज्ञ आचार्य श्रीनिवास रामानुजन की जन्म जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने गणित पर आधारित आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें गणित के विभिन्न सिद्धांतों, मॉडलों एवं प्रयोगों को सरल एवं रोचक रूप में प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंदसौर जिले के प्रथम युवा लेफ्टिनेंट प्रखर पंड्या ने विद्यार्थियों की गणित प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। श्री पण्ड्या ने इस अवसर पर कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण से किसी भी मुकाम को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आचार्य रामानुजन के जीवन पर आधारित एक प्रेरणादायी डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। इस अवसर पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सचिव अशोक पारीख, संस्था प्रबंधक व समिति के सहसचिव सुनील शर्मा, विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरोज प्रसाद, प्रधानाचार्य प्रवीण मिश्रा उपस्थित रहे।

### कृषि उपज मण्डी में तीन दिन नीलामी नहीं होगी

**मन्दसौर।** कृषि उपज मण्डी मंदसौर कार्यालय द्वारा सूचना जारी कर बताया कि 25, 27 व 28 दिसम्बर को मण्डी प्रांगण में नीलामी कार्य स्थगित रहेगा। अवकाश सूचना अनुसार 25 दिसम्बर गुरूवार को क्रिसमस-डे, 27 दिसम्बर को माह का चतुर्थ शनिवार व 28 दिसम्बर को रविवार होने से मण्डी प्रांगण में नीलामी कार्य नहीं होगा।

### अगवानी पर आचार्य श्री रामानुज जी का मंदसौर से लेकर रेवास देवड़ा तक होगा भव्य स्वागत

# 27 से श्री धुंधलेश्वर महादेव मंदसौर के परिक्षेत्र में श्री रामकथा का होगा आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

मानवता मिशन ट्रस्ट, श्री हरिकथा आयोजन समिति एवं करुणा फाउंडेशन के तत्वाधान में २७ दिसंबर से ४ जनवरी तक मंदसौर से १२ कि.मी. दूर रेवास देवड़ा महादेव मंदिर परिसर में राम कथा के मर्मज्ञ विद्वान आचार्य श्री रामानुज जी के सानिध्य में आयोजित श्री रामकथा की तैयारीयो को लेकर मंदसौर में श्री अग्रसेन मांगलिक भवन परिसर में गुरु भक्तों एवं नगर वासियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 दिसंबर शुक्रवार को आचार्य श्री रामानुजजी की अगवानी मंदसौर से लेकर रेवास देवड़ा गांव तक धूमधाम से की जावेगी। प्रातः 9.30 बजे



आचार्य श्री रामानुजजी श्री तलाई वाले बालाजी मन्दिर पर दर्शन करेंगे , तत्पश्चात वही से गाजे बाजे के साथ 101 चार पहिया वाहनो के काफिले के साथ रेवास देवड़ा गांव हेतु रवाना होंगे।

हरिकथा आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस कथा में आसपास के 51 गांवो का समावेश होगा। 26 दिसम्बर को आयोजित शोभायात्रा में 101 चार पहिया एवं बड़ी संख्या में दो पहिया वाहन सम्मिलित होंगे। आचार्य श्री को श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर से रेवास देवड़ा गांव तक धूमधाम से ले जाया जाएगा।

कथा के सूत्रधार डॉ. शंभूसिंह कुशवाह ने बताया कि 27 दिसंबर शनिवार को प्रातः 11 बजे रेवास में भव्य कलश यात्रा निकलेगी जिसमें 1100 मातृशक्ति मस्तक पर कलश धारण कर शोभायात्रा में सम्मिलित होगी। शोभायात्रा धुंधलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी जहां पर आचार्य श्री रामानुज जी श्री राम कथा का अमृत पान सभी भक्तों को करवायेंगे। कथा २८ दिसंबर रविवार से प्रतिदिन प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगी। 4 जनवरी को कथा का विराम होगा। इस दौरान वैश्य महासम्मेलन जिलाध्यक्ष जगदीशचंद्र चौधरी, समाजसेवी दृष्टानंद नेनवानी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ घनश्याम बटवाल, अपना घर के अध्यक्ष राव विजयसिंह, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष रमाशंकर शर्मा, पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव सेवानी, समिति के सचिव सुरेश सोमानी, समाजसेवी राजमल गर्ग, डॉ देवेन्द्र पुराणिक, नरेंद्र सिंह चौहान आदि ने भी सुझाव रखे।

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने बांग्लादेश और इस्लामी जिहाद का पुतला किया दहन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा मंगलवार को चोपाटी पर बांग्लादेश और इस्लामी जिहाद का पुतला दहन कर धरना प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्ति किया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री तूफान सिंह यादव ने बताया कि बांग्लादेश में सता परिवर्तन के बाद इस्लामी जिहादी गतिविधियां निरंतर बढ़ती जा रहीं हैं और उनके निशाने पर हिंदूओं के मंदिर, व्यावसायिक केंद्र, महिलाएं, संपत्ति, शासकीय कर्मचारी, रहते हैं। हिंदू प्रताड़ना की वीभत्स घटनाएं प्रति सप्ताह होती रहती हैं। परंतु गत सप्ताह मेमनसिंह जिले के भालुका में ऐसी घटना हुई है। जिसने पूरी मानवता को लज्जित किया है। एक सामान्य हिंदू श्रमिक दीपू दास पर ईशनिंदा का झूंठा आरोप लगाया गया। एक अनौपचारिक बातचीत में दीपू दास ने ईश्वर के एक होने और उसके विभिन्न नाम होने की बात कही, जिसमें कुरान, इस्लाम या अल्लाह का कोई संदर्भ नहीं था। इसे मनमाने ढंग से ईशनिंदा का रूप देकर उसे प्रताड़ित किया गया। जिहादी तत्व यहीं नहीं रुके और एक बड़ी भीड़ ने पीट पीट कर उसकी नृशंस हत्या कर दी।

### किसान हमारी अर्थव्यवस्था, संस्कृति और खाद्य सुरक्षा की रीढ़ है-श्री शर्मा

**पिपलिया मंडी।** भारत मे आज राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जारहा है।हमारे देश मे 23 दिसम्बर का दिन किसानों को समर्पित किया गया है।भारत मे किसानों को अन्नदाता ओर धरती पुत्र कहा जाता है। दरअसल किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री और भारतरत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती भी होती है इसलिए यह दिन भारत किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है।किसान हमारी अर्थव्यवस्था, संस्कृति और खाद्य सुरक्षा की रीढ़ है। उक्त बात मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने मंगलवार को कृषि उपज मंडी में किसान प्रभुलाल कीर उगराण,लालसिंह रामपुरा, भरतसिंह अवना काचरिया,केशरसिंह राजपूत अवना काचरिया, ओमप्रकाश टेलर खेजड़ी,भवरसिंह चिताखेड़ी, बालाराम गुर्जर आदि का पुष्पमालाओं से सम्मान कर कही।शर्मा ने कहा कि आज खेती किसानी लगातार घाटे का धंधा साबित होती जारही है किसी भी उपज के किसानों को वाजिब दाम नही मिल रहे है,किसान कर्ज में डूबता जारहा है कई किसानों ने आत्महत्या जैसे कदम उठाए है।

# रतलाम में नशे में धुत्त युवती ने चौपाटी पर किया हंगामा, पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

दो बत्ती चौपाटी पर सोमवार रात हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। यहां एक युवक और युवती ने नशे की हालत में जमकर हंगामा किया। थाने ले जाने पर युवती चिल्लाती रही - मैं क्या कर सकती हूं, बता नहीं सकती। भले ही जेल में डाल दो।

युवक-युवती ने पहले पानी-पुरी वाले और फिर बीच-बचाव करने आए पराठे वाले दंपती के साथ मारपीट की। सूचना पर पुलिस पहुंची तो युवती महिला सब-इंस्पेक्टर से भी उलझ गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

चौपाटी पर पराठे की दुकान लगाने वाली रीना गुप्ता (पति मयंक गुप्ता) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पास ही रमेश गुर्जर की पानी-पुरी की दुकान है। वहां आरोपी युवक-युवती आए और खाने की बात पर रमेश को गालियां देने लगे। जब रमेश ने मना किया तो वे झूमाझटकी पर उतर आए।



मैंने और मेरे पति मयंक ने जब बीच-बचाव किया, तो युवती ने मेरा गला पकड़ लिया और थप्पड़ मारे। वहीं, साथ आए युवक ने पति के साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के दुकानदार जमा हो गए और किसी तरह मामला शांत कराया। हंगामे की सूचना पर स्टेशन रोड थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। महिला सब-इंस्पेक्टर ने जब युवती का हाथ पकड़कर उसे ले जाने की कोशिश की, तो वह भड़क गई। युवती ने हंगामा करते हुए कहा- मेरा हाथ क्यों पकड़ा है? युवती की हालत देख खुद सब-इंस्पेक्टर अपने साथियों से कहती नजर आईं कि यह होश में नहीं है, क्या करें दीवान जी। इसके बाद युवती फोन पर बात करते हुए वहां से जाने लगी।

पुलिस युवती और युवक को थाने लेकर पहुंची, तो वहां भी उनका ड्रामा खत्म नहीं हुआ। युवती पुलिस के सामने ही फरियादी पक्ष को बाहर निकालने और देख लेने की धमकी देती रही। पुलिसकर्मी उसे लगातार समझाते रहे। पुलिस ने आरोपियों की पहचान गौरव शर्मा (पिता संजय शर्मा) निवासी राजीव नगर और दिव्या चौहान (पिता मनोहर सिंह) निवासी टैंकर रोड के रूप में की है। सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया ने बताया कि दोनों के खिलाफ स्टेशन रोड थाने में केस दर्ज कर लिया गया है।

### वाहन के पहिये के नीचे आने से मासूम की मौत

**मन्दसौर।** जिले के दलौदा निवासी एक मासूम बच्ची एक पानी की केनों से भरी लोडिंग वाहन के नीचे आने से उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने प्रकरण में मर्ग कायम किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा सोमवार की दोपहर करीब 12.30 बजे का है। यह हादसा तब हुआ जब मासूम बालिका पंखुड़ी पिता अभिषेक जैन निवासी दलौदा अपने घर से खेलते-खेलते सड़क पर आ गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे पानी की केनों से भरे लोडिंग वाहन के पहिये के नीचे वह आ गई। घटना के बाद बच्ची को उपचार हेतु मंदसौर सिविल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे वहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया।

# 42 आवेदकों की शिकायतों के निराकरण के दिए निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

प्रदेश के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री उमेश जोगा द्वारा जोन के सभी जिलों में मंगलवार को जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लंबित सी.एम. हेल्पलाईन एवं जनता शिकायतों का निराकरण करने संबंधी निर्देश दिये गये है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री उमेश जोगा द्वारा दिये गये निदेशों के पालन में दिनांक 23 दिसम्बर को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल द्वारा जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर के साथ साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का भी आयोजन किया गया।

जन सुनवाई, शिकायत निवारण शिविर एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर के दौरान आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं और शिकायतों को एस.पी. श्री अंकित जायसवाल के समक्ष प्रस्तुत किया। एस.पी. श्री अंकित जायसवाल द्वारा आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाकर संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। उक्त शिविर के दौरान सीएम हेल्पलाइन की लेवल-1, लेवल-2 एवं लेवल-३ की कुल 20 सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाकर शिकायतें बंद करवाई गयी।

जिला स्तरीय जन सुनवाई शिविर के दौरान लगभग 42 फरियादियों द्वारा एसपी श्री अंकित जायसवाल के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याएं बताई जाने पर एसपी श्री अंकित जायसवाल द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों को शिकायतों के शिघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक श्री जायसवाल द्वारा राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गयें कि सभी आवेदनों का समय पर एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई से संबंधित मुद्दों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं आदि से जुड़े प्रकरणों पर विशेष ध्यान दिया जावें।

जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर में नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद श्री रोहित राठौर, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा एवं उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा सुश्री निकीता सिंह सहित जिलें के समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी एवं संबंधित शाखाओं के प्रभारी सहित फरियादी/आवेदक उपस्थित रहें।

### 20 दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर

**नीमच।** महर्षि प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र नीमच द्वारा शहर वासियों की सेवा करने के उद्देश्य से प्राकृतिक सुजोक, एक्यूप्रेशर एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर एवं विशाल प्राकृतिक एक्यूप्रेशर , आयोजन बुधवार से 1 जनवरी तक सुबह 8 से दोप. 12 बजे तक एवं दोप. 3 से सायं 7 बजे तक , स्थान - मूलचंद मार्ग गार्डन स्कूल के सामने नीमच पर किया जाएगा। केंद्र के संचालक थैरेपिस्ट प्रमोद कुमावत व थैरेपिस्ट खेतपाल आलडिया ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा विगत कई वर्षों से नीमच में यह शिविर लगाया जा रहा है, जिसका पूरा-पूरा लाभ शहर वासियों को मिल रहा है। निरंतर जारी आयोजन की कड़ी में आयोजित इस शिविर में सर्वाईकल, माइग्रेन, थायरायड सहित कई बीमारियों के उपचार प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

# सांदीपनी के चार दिवसीय 24वें वार्षिकोत्सव वसुधैव कुटुम्बकम का तीसरा दिन रंगारंग प्रस्तुतियों से सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मण्डलेश्वर

स्थानीय संस्था सांदीपनी एकेडमी, मण्डलेश्वर के चार दिवसीय 24वें वार्षिकोत्सव वसुधैव कुटुम्बकम के तीसरे दिन का शुभारंभ भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ।कार्यक्रम के तृतीय दिवस के मुख्य अतिथि महेश्वर विधायक राजकुमार जी मेव रहे। विशेष अतिथि के रूप में विद्यालय के भूतपूर्व छात्र श्री मेघांशु जैन मैनेजर, लक्जरी विभाग, नो-ब्रोकर, मुंबई उपस्थित रहे।



विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलेश सी. जोशी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को प्राकृतिक धर्म सिखाने की अत्यंत आवश्यकता है। ब्रह्मांड कितना विशाल है और यहाँ सब कुछ सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रहा है, इससे यह स्पष्ट होता है कि इस सृष्टि को संचालित करने वाला ही सृष्टा है। उस विराट शक्ति के दर्शन हमें पर्यावरण के सुंदर स्वरूप–मिट्टी, हवा, पानी, पर्वत, सूर्य, चंद्र, आकाश से प्रतिदिन करना चाहिए है। तीसरे दिवस विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में देश की विविध संस्कृतियों और परंपराओं को दशार्ते हुए एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें प्रमुख इस प्रकार है- वर दे माँ, हर जगह है उसी का नूर, रुत आ गई रे, जून का महीना, ले चल शिमले बाबू, घोड़े जैसी चाल, ओ सावन राजा, आवारा भँवरे, क्या मौसम आया है, डोला रे डोला, ढाक बाजल (बंगाली), धोलिदा धोल रे वाघो, काइपोचे, हम साथ-साथ हैं आदि प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन एवं सांस्कृतिक चेतना की प्रशंसा की।



## सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर परिसर में संगोष्ठी आयोजित

**मंडलेश्वर।** भारतीय महान गणितीय श्रीनिवास रामानुजन अय्यंगार के जन्मदिवस पर आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा का अवदान विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। महाविद्यालय संचालक बीएम पाटीदार ने सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय गणित दिवस की शुभकामना दी। भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार ने 30 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में 'रामानुजनः एक महान गणितज्ञ की यात्रा' नामक पुस्तक का विमोचन भी किया। अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने बताया कि भारतीय वैदिक परम्परा के महान विरासत भारतीय जनमानस को अपने महान आचार्यों से प्राप्त हुई है। ऐसे ही एक महान आचार्य हुए जिनको हम श्रीनिवास रामानुजन के नाम से जानते है। संगोष्ठी के संयोजक प्रो. हरिवल्लभ शास्त्री और प्रो. पवन झोनवाल ने गणित विषय में रुचि जागृत करने हेतु आवश्यक सुझाव विद्यार्थियों से साझा किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी ऊजार्वान विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास द्वारा संचालित योजनाओं की योजनावार समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टर सभाकक्ष में किया गया।



इस दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना लाडली लक्ष्मी योजना के तहत कम पंजीयन होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय से समन्वय स्थापित कर जानकारी एकत्रित कर सभी वंचित बालिकाओं के पंजीयन कराना सुनिश्चित करें , उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में संचालित समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर हर दिवस 70 प्रतिशत से अधिक बच?चों की उपस्थिति होना चाहिए,उपस्थिति कम होने पर संबंधित सहायिका के विरुद्ध प्रस्ताव भेजे और उचित कार्रवाई करें। इस दौरान उन्होंने अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें अन्यथा लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही प्रचलित की जाएगी ।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं सीडीपीओ को निर्देशित करते हुए कहा समस्त आंगनवाडी केन्द्र पर नियमित भ्रमण करें । बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जाँच करें एवं मेन्यू अनुसार भोजन नाश्ता देना सुनिश्चित करें। भ्रमण एवं निरीक्षण की जानकारी मुख्यालय को अवगत कराए साथ ही जो समूह मेन्यु अनुसार भोजन या नाश्ता नहीं दे रहा है उसके विरूद्ध कडी कार्यवाही करें साथ ही बच्चों का नियमित स्वास्थ्य जॉच परीक्षण करें उसके शारीरिक एवं भौतिक विकास की जानकारी एक निश्चित फार्मेट में एकत्रित करें ।

जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जिले को कुपोषित मुक्त करना है। इस दौरान समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व , महिला बाल विकास अधिकारी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित समस्त सीडीपीओ उपस्थित थे।

## वर्ष 2047 तक सिकल सेल उन्मूलन में जनप्रतिनिधि और नागरिक दें अपना योगदान - राज्यपाल श्री पटेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खरगोन

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अभियान चलाया है कि वर्ष 2047 तक एक भी बच्चा आनुवांशिक सिकल सेल रोग के साथ पैदा न हो। उन्होंने कहा कि इस रोग के विरुद्ध काम करना केवल सरकार का दायित्व नहीं है, इसमें जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को भी किसी न किसी रूप में योगदान देना होगा। उन्होंने बताया कि सिकल सेल के रोगियों को ठंडे पानी से नहाने और तैलीय खाद्य पदार्थ से बचना चाहिए, नियमित दवाई के सेवन साथ व्यायाम करना और अधिक पानी पीना चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि जनप्रतिनिधि और नागरिक सिकल सेल रोगियों को यह सन्देश प्रसारित करें। राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश की 89 पेसा समितियों के माध्यम से भी जनजागरूकता फैलाई जा रही है । उन्होंने कहा कि खरगोन जिले में 10 लाख व्यक्तियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की गई है, जो गर्व का विषय है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि समाज का सेवाभाव देखकर आनंद होता है और टीबी के मरीजों के लिए निक्षय मित्र द्वारा दान किए आहार किट इन मरीजों की उत्तम सेवा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी भी इसी संवेदना के साथ निर्धन और जनजातीय वर्ग के लिए पीएम आवास योजना, बिरसा मुंडा धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना, पीएम जनमन योजना के माध्यम से योजनाबद्ध रूप से कार्य कर रहे हैं।

## निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 26 दिसंबर को सुवासरा में होगा



**सुवासरा।** जनसेवा समिति सेवा विभाग सुवासरा तथा जिला अंधत्व निवारण के तत्वावधान में लाभ मुनि नेत्र चिकित्सालय मंदसौर द्वारा स्वर्गीय पूरणमल जी धनोतिया की स्मृति में एक दिवसीय विशाल नि शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन आगामी 26 दिसंबर 2025 शुक्रवार को सुबह 10 बजे से स्थानीय शासकीय चिकित्सालय में आयोजित किया जाएगा जिसमें मरीज को नेत्र चिकित्सकों द्वारा अत्यधिक कंप्यूटराइज मशीन से मोतियाबिंद की जांच की जाएगी च,यनित रोगियों को मंदसौर निशुल्क ले जाकर ऑपरेशन किया जाएगा रोगियों को मंदसौर ले जाने की व्यवस्था एवं आवास भोजन दवाइयां चश्मा निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे मरीज को अपने साथ आयुष्मान कार्ड की फोटो कॉपी लाना आवश्यक है ।

## जमा कब्बडी का रंग, विजेता टीम पुरस्कृत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ टांडा(धार)

साई क्लब टांडा के तत्वावधान में सोमवार शाम 7 बजे से डाक बंगला परिसर में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। ओपन कब्बडी प्रतियोगिता में लगभग 46 टीमों के द्वारा भाग लिया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार सरदारसिंह मेहड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष की ओर से 21 हजार, द्वितीय पुरस्कार अमरसिंह सोलंकी भाजपा मंडल अध्यक्ष की और से 11 हजार, तृतीय पुरस्कार सुनील नारवाली की तरफ से 5100 तथा चतुर्थ पुरुस्कार साई क्लब की ओर से 3100 रुपये रखा गया था। रात भर चली कबड्डी प्रतियोगिता दूसरे दिन मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे निर्णायक मेंच खेला गया। जिसमे बजरंग क्लब पलासी बाजी मारते हुए प्रथम पुरस्कार हासिल किया,द्वितीय स्थान पर आजाद क्लब झरालिया व तृतीय पुरस्कार आजाद क्लब ने तथा चतुर्थ स्थान बाग बी टीम ने हासिल किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आए भाजपा मंडल अध्यक्ष अमर सिंह सोलंकी,भाजपा नगर अध्यक्ष प्रदीप गादिया,युवा मोर्चा न.अध्यक्ष अनुराग सचान, रामसिंह अखाड़िया,सुनील नारवाली,किशन मेहड़ा ने विजेता टीमों के कप्तानों को पुष्पमाला पहनकर नगद राशि से पुरुस्कृत किया।

## 29 दिसम्बर को स्थानीय निर्वाचन के मद्दनेजर शराब की बिक्री रहेगी बंद

**बड़वानी।** राज्य निर्वाचन आयोग ने उप निर्वाचन के तहत जिले की नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में होने वाले स्थानीय निर्वाचन के मद्देनजर मतदान समाप्त होने के 48 घंटे पूर्व शराब की दुकाने बंद रखने के निर्देश जारी किये है। नगर परिषद पानसेमल के वार्ड क्रमांक 2 में पार्षद का, विकासखण्ड ठीकरी के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3 में जनपद सदस्य का, विकासखण्ड पानसेमल के ग्राम पंचायत वांगरा में सरपंच पद का तथा विकासखण्ड राजपुर की ग्राम पंचायत बकवाड़ी, देवनली, घुसगांव, लिंम्बई, साली में पंच के पद का निर्वाचन 29 दिसम्बर को होना है। राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्देशित किया है.

## वेदर इंफोर्मेशन नेटवर्क एंड डाटा सिस्टम की स्थापना को स्वीकृति मिली



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

बुरहानपुर की विधायक अर्चना चिटनिस ने एक ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी दी है। मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत अनिवार्य वेदर इंफोर्मेशन नेटवर्क एंड डाटा सिस्टम की स्थापना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस निर्णय से प्रदेश में मौसम आधारित फसल बीमा योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने का मार्ग प्रशस्त होगा। अर्चना चिटनिस ने बताया कि इस निर्णय से बुरहानपुर जिले के हजारों केला किसानों को विशेष एवं प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। केला एक अत्यंत मौसम-संवेदनशील उद्यानिकी फसल है, जो तेज हवा, अतिवृष्टि, तापमान में अचानक बदलाव, ओलावृष्टि एवं प्राकृतिक आपदाओं से शीघ्र प्रभावित होती है। ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन एवं च्च्वेदर इंफोर्मेशन नेटवर्क एंड डाटा सिस्टमच्च प्रणाली के माध्यम से अब केले की फसल में होने वाले नुकसान का स्थानीय स्तर पर सटीक, वैज्ञानिक एवं पारदर्शी आंकलन संभव हो सकेगा। इस निर्णय के पीछे अर्चना चिटनिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं निर्णायक रही है। उन्होंने लगातार शासन स्तर पर इस विषय को मजबूती से उठाया और किसानों की जमीनी समस्याओं को तथ्यात्मक रूप से सामने रखा।

## भीम सेना जिला अध्यक्ष ने स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

**बुरहानपुर।** भीम सेना जिला अध्यक्ष ने स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने हाथ पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज किया। उनका आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग बुरहानपुर में झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध पैथोलॉजी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। सचिन गाढ़े ने बताया कि कई महीनों से स्वास्थ्य विभाग को पत्रक के माध्यम से शिकायत की जा रही है, लेकिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी बुरहानपुर द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपने आलीशान कमरे में बैठकर केवल जांच दल गठित कर खानापूर्ति कर रहे हैं। भीम सेना बुरहानपुर ने स्वास्थ्य विभाग मंत्रालय में पत्र भेजकर मांग की है कि ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई कर उनकी जवाबदेही तय की जाए।

## श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन भारत के अशोक पॅवार राष्ट्रीय सलाहकार बने

बाग धार। श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन भारत के चिकित्सा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री डा.महेश विश्वकर्मा , सह संगठन महामंत्री चम्पालाल गोराणा की सहमति व प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द विश्वकर्मा की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के म.प्र.शासन के कैबिनेट दर्जा मंत्री श्री प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने अधिमान्य पत्रकार म. प्र.शासन श्री अशोक पॅवार बाग धार को विश्वकर्मा महापंचायत संगठन भारत के राष्ट्रीय सलाहकार मनोनीत कर नियुक्ति पत्र सम्मान समारोह मे दिया। उक्त जानकारी राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री रामराज विश्वकर्मा ने दी इस अवसर पर अनेक राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों ने बधाई दी व राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।



# कृति सेनन की बहन नूपुर सेनन बनने जा रहीं दुल्हनिया

## 11 जनवरी को उदयपुर में स्टेबिन बेन के साथ सात फेरे लेंगी, तीन दिन चलेगा जश्न

सिंगर स्टेबिन बेन और एक्ट्रेस नूपुर सेनन शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। ये कपल 11 जनवरी को उदयपुर में शादी के बंधन में बंधेगा। दोनों का वेडिंग फंक्शन तीन दिनों तक चलेगा।

हिंदुस्तान टाइम्स ने सोर्स के हवाले से लिखा है कि दोनों की शादी को लेकर पहले जो डेट्स सामने आई थी, वो सटीक नहीं थी। शादी को प्राइवेट लेकिन भव्य समारोह के तरह आयोजित किया जाएगा, जिसमें दोनों के करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य ही शामिल होंगे। वहीं, फिल्म और म्यूजिक इंडस्ट्री से भी चुनिंदा नाम ही शादी में हिस्सा लेंगे।

सोर्स का कहना है- 'नूपुर और स्टेबिन शादी को निजी रखना चाहते हैं। यह शादी इंडस्ट्री गैदरिंग के बजाए परिवार और पुराने दोस्तों के बीच होगी। सेलिब्रेशन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी।' उदयपुर में होने वाली इस शादी में नूपुर की बहन और एक्ट्रेस कृति सेनन के करीबी, जो फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं, उनके शामिल होने की उम्मीद है। हालांकि इंडस्ट्री के लोगों के लिए मुंबई में रिसेप्शन पार्टी दी जाएगी, जो 13 जनवरी को होने वाला है।

बता दें कि साल 2024 में, स्टेबिन बेन ने नूपुर के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की थी। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था- 'मेरा और नूपुर का रिश्ता बहुत ही शानदार है। हम एक-दूसरे के बहुत करीब हैं। मैंने उसके साथ काफी समय बिताया है और मुझे नहीं लगता कि मेरा किसी और के साथ ऐसा रिश्ता है।'

### पंजाबी सिंगर मिस पूजा बोलीं

# अभी हम जिंदा हैं



## मौत की अफवाह का स्क्रीनशॉट इंस्टा पर डाला; बॉलीवुड में मालामाल-सेकेंड हैंड जवानी गा चुकीं

पंजाबी सिंगर मिस पूजा ने मौत की अफवाहों को खारिज किया है। फेसबुक पर उनकी मौत की सूचना पोस्ट की गई थी। मिस पूजा ने अफवाह को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। जिसमें उन्होंने बॉलीवुड मूवी वेलकम में फिरोज खान के डायलॉग 'अभी हम जिंदा हैं' लिखा। इसके बाद मिस पूजा ने अपनी एक रील भी इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की। जिसमें उन्होंने खुद के जिंदा होने का सबूत देते हुए 2 तरह के कॉस्ट्यूम में पूछा कि मैं किसमें सुंदर लग रही हूं।

मिस पूजा की मौत की खबर कैसे उड़ी, इसको लेकर सिंगर ने कोई बात नहीं कही है। इंस्टाग्राम मिस पूजा के 2.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं। मिस पूजा ने बॉलीवुड फिल्मों के लिए भी सिंगिंग की है। उन्होंने हाउसफुल-3 में मालामाल और कॉकटेल में सेकेंड हैंड जवानी गाना गाया है।



### मिस पूजा की मौत की अफवाह की पोस्ट किया

मिस पूजा ने फेसबुक ग्रुप में हरप्रीत सिंह गिल नामक यूजर की पोस्ट को इंस्टाग्राम पर डाला है। इसमें हरप्रीत गिल ने लिखा मिस पूजा गुरू के चरणों में जा विराजे हैं। सूत्रों के हवाले से खबर आई है कि मिस पूजा इस दुनिया को अलविदा कह गए हैं। वाहेगुरू सब पर कृपा करें। हरप्रीत गिल ने मौत पर दुख जताया।

### मौत की खबर पर मिस पूजा ने क्या लिखा

मिस पूजा ने करीब 40 मिनट पहले फेसबुक ग्रुप में शेयर की गई इस पोस्ट का स्क्रीनशॉट लिया। इसके बाद इसे अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा- टल जो टल जो, ऐनी छेती नीं मरदी मैं, हम अभी जिंदा हैं यानी मैं इतनी जल्दी नहीं मरती, अभी मैं जिंदा हूं। इस कमेंट के लास्ट में मिस पूजा ने लाफिंग यानी हंसते हुए इमोजी भी शेयर की हैं।



# भक्ति गीत गाने पर बंगाली सिंगर के साथ अभद्रता

## महबूब मलिक नाम के शख्स ने लग्नजिता चक्रवर्ती को मारने की कोशिश की, आरोपी टीएमसी का कार्यकर्ता

बंगाली सिंगर लग्नजिता चक्रवर्ती को कोलकाता में एक प्राइवेट फंक्शन में भक्ति गीत गाने की वजह से फिजिकल हैरेसमेंट झेलना पड़ा है। सिंगर का दावा है कि फंक्शन में उन्हें वर्बली भी अब्यूज किया गया है।

न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए लग्नजिता ने बताया कि फिल्म देवी चौधरीरानी का भक्ति गीत 'जागो मां' गाने के बाद कार्यक्रम के आयोजकों में से एक ने उन्हें मारने के इरादे से उन पर हमला किया। इस पूरे मामले में सिंगर ने भगवानपुर ईस्ट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पुरबा मेदिनीपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की फिलहाल जांच चल रही है।

कार्यक्रम के दौरान जो कुछ हुआ, उसके बारे में बताते हुए लग्नजिता कहती हैं- 'मैंने अपना शो शाम करीब 7 बजे शुरू किया था और सब कुछ सही से चल रहा था। करीब 7:45 बजे तक मैंने 7 गाने गा लिए थे। मेरा सातवां गाना जागो मां था, जो फिल्म 'देवी चौधरीरानी' का है, जो इसी पूजा के दौरान रिलीज हुई थी। इस गाने के बाद जब मैं ऑडियंस से बातचीत कर रही थी, तभी अचानक मैंने देखा कि दर्शकों में से एक आदमी स्टेज की ओर दौड़ता हुआ आया। वो मेरे चेहरे के बिल्कुल करीब आ गया।' उन्होंने आगे कहा- 'मैं जिस स्कूल में परफॉर्मेंस दे रही थी, वो मेरे पूरे कॉन्सर्ट को रिकॉर्ड कर रहे थे। जो कि बहुत सामान्य बात है, क्योंकि हर आयोजक ऐसा ही करता है। लेकिन मेरे पास उस वीडियो रिकॉर्डिंग का एक्सेस नहीं है, क्योंकि वह स्कूल की प्रॉपर्टी है। अगर किसी को वह वीडियो मिल जाता है और वो पब्लिक हो जाता है, तो हर कोई देख सकता है कि महबूब मलिक मुझे मारने के इरादे से मंच की ओर दौड़ा था। सीधे शब्दों में कहूं तो वो मुझे पीटना चाहता था। जब लोग मुझे बचाने के लिए दौड़े और उसे दूर खींच रहे थे, तो वह चिल्लाया, जागो मां बहुत हो गया, अब कुछ सेक्युलर गाना गाओ।


# सामंथा रुथप्रभू के साथ भीड़ में हुई बदसलूकी, धक्का-मुक्की के बीच भीड़ में फंसी

कुछ समय पहले ही द राजा साब एक्ट्रेस निधि अग्रवाल के साथ लॉन्च इवेंट में भीड़ ने धक्का-मुक्की की थी, जिसके बाद अब सामंथा भी इसका शिकार हो गई हैं। सामंथा हाल ही में एक पब्लिक इवेंट का हिस्सा बनी थीं, जहां उन्हें भीड़ ने घेर लिया। एक्ट्रेस को सही सलामत अपनी कार तक पहुंचने में काफी स्ट्रगल करना पड़ा।

एक्ट्रेस सामंथा रुथप्रभू हैदराबाद में एक साड़ी शोरूम की ओपनिंग से जुड़े इवेंट का हिस्सा बनी थीं। इवेंट में सामंथा को देखने के लिए भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। कई फैंस उनके काफी करीब आ गए। एक्ट्रेस के बॉडीगार्ड ने जैसे-तैसे घेरा बनाकर भीड़ को एक्ट्रेस के नजदीक आने से रोका, इस दौरान एक्ट्रेस कई बार लड़खड़ा गईं। कहीं उनकी साड़ी भी खींची गई।



**कभी लड़खड़ाई, कभी साड़ी खींची गई; एक्ट्रेस निधि अग्रवाल भी हुई थीं शिकार**





- **इवेंट के बाद सामंथा ने की क्रिप्टिक पोस्ट-** साड़ी के शोरूम के लॉन्च इवेंट के बाद सामंथा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से अपने लुक की कई तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों के साथ सामंथा ने लिखा, एक्शन से भरपूर शूटिंग शेड्यूल के बाद, चोटें, खून और दर्द झेलने के बावजूद, हमने खुद को हैरानी से काफी अच्छे तरीके से संभाल लिया, हालात को देखते हुए।
- **निधि अग्रवाल के साथ भी भीड़ में हुई बदतमीजी-** सामंथा रुथप्रभू से पहले एक्ट्रेस निधि अग्रवाल के साथ भी हैदराबाद में धक्का-मुक्की हुई थी। एक्ट्रेस प्रभास स्टारर अपकमिंग फिल्म द राजा साब के सॉन्ग लॉन्च इवेंट में पहुंची थीं। इस दौरान उन्हें भीड़ ने बुरी तरह घेर लिया। खींचा-तानी के बीच एक्ट्रेस काफी मशक्कत से कार तक पहुंची थीं।
- **एक्ट्रेस चिनमयी श्रीपदा ने की थी आलोचना-** निधी अग्रवाल का वीडियो सामने आने के बाद एक्ट्रेस चिन्मयी श्रीपदा ने भीड़ के व्यवहार की जमकर आलोचना की थी। उन्होंने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा था, लकड़बग्घों से भी बदतर बर्ताव करने वाले पुरुषों का झुंड। वैसे लकड़बग्घों का अपमान क्यों करें। ऐसी एक जैसी सोच वाले पुरुषों को जब भीड़ में इकट्ठा कर दिया जाता है, तो वे किसी महिला को इसी तरह परेशान करते हैं। कोई भगवान इन्हें उठाकर किसी और ग्रह पर क्यों नहीं भेज देता?

### वर्ल्डकप स्क्वॉड से गिल बाहर, ईशान शामिल, स्माट में शतक के बावजूद जायसवाल की जगह नहीं

# यशस्वी को टी-20 टीम में मौका क्यों नहीं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई**

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारत ने 15 प्लेयर्स का स्क्वॉड रिलीज कर दिया। सिलेक्शन कमेटी ने सभी को चौंकाते हुए उप कप्तान शुभमन गिल को ही आईसीसी टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। उनकी जगह अब विकेटकीपर संजू सैमसन ओपनिंग करते नजर आएंगे, लेकिन बैकअप ओपनर के रूप में यशस्वी जायसवाल को मौका नहीं मिला।

यशस्वी की जगह सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपर ईशान किशन को जगह मिल गई। ईशान ने 500 से ज्यादा रन बनाकर अपनी कप्तानी में झारखंड को चैंपियन भी बनाया। उनके शामिल होने से विकेटकीपर जितेश शर्मा को भी जगह नहीं मिली। वहीं रिंकू सिंह को मौका मिल गया।



- **यशस्वी की दावेदारी क्यों मजबूत थी-** यशस्वी जायसवाल ने अगस्त 2023 में भारत के लिए टी-20 डेब्यू कर लिया था। दूसरे ही मुकाबले में वेस्टइंडीज के खिलाफ उन्होंने 84 रन बना दिए। फिर अपने छठे ही मुकाबले में शतक जड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका के खिलाफ उन्हें लगातार मौका मिला। उन्होंने इनमें 4 फिफ्टी भी लगाई। भारत के लिए लगातार टी-20 सीरीज खेलने के बाद उन्हें 2024 के वर्ल्ड कप में शामिल कर लिया गया। हालांकि, रोहित शर्मा और विराट कोहली के कारण उन्हें न तो ओपनिंग करने का मौका मिला और न ही प्लेइंग-11 में जगह मिल पाई। वर्ल्ड कप जिताकर दोनों सीनियर खिलाड़ियों ने संन्यास ले लिया। ऐसे में उम्मीद की गई कि यशस्वी टी-20 टीम के परमानेंट मेंबर बन जाएंगे, लेकिन पिछले 18 महीने में वे 3 ही टी-20 खेल सके।
- **आईपीएल और टी-20 में परफॉर्म किया-** यशस्वी जायसवाल ने 30 जुलाई 2024 को भारत के लिए आखिरी टी-20 खेला था। तब श्रीलंका में सीरीज के दौरान उन्होंने तीनों मुकाबलों में शुभमन गिल के साथ ओपनिंग करते हुए 80 रन बनाए थे। टीम इंडिया से बाहर रहने के दौरान उन्होंने आईपीएल और सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में लगातार परफॉर्म किया। यशस्वी ने आईपीएल के पिछले 3 सीजन में 1500 से ज्यादा रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 2 सेंचुरी लगाई और उनका स्ट्राइक रेट 160 से भी ज्यादा का रहा। इतना ही नहीं, पिछले दिनों खत्म हुई स्माट में हरियाणा के खिलाफ उन्होंने महज 49 गेंद पर शतक भी लगाया था। ऐसे में टी-20 टीम में बतौर ओपनर उनकी दावेदारी मजबूत थी।
- **गिल का प्रयोग फेल, फिर भी जगह क्यों नहीं-** 2024 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद शुभमन गिल को भारत की टी-20 टीम का उप कप्तान बनाया गया। 2025 में उन्हें टेस्ट और वनडे टीम की परमानेंट कप्तानी भी सौंप दी गई। टीम मैनेजमेंट गिल को तीनों फॉर्मेट में स्थापित करना चाह रहा था। हालांकि, अगस्त 2024 से अगस्त 2025 तक 13 महीनों में उन्होंने एक भी टी-20 मुकाबला नहीं खेला। गिल और यशस्वी की गैरमौजूदगी में संजू सैमसन ने अभिषेक शर्मा के साथ ओपनिंग की। सैमसन ने 3 और अभिषेक ने 2 शतक लगा दिए। लंबे समय तक टी-20 टीम से बाहर रखने के बावजूद मैनेजमेंट ने गिल को एशिया कप के लिए टीम में शामिल कर लिया। चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने कहा कि शुभमन और यशस्वी बाकी फॉर्मेट खेलने में बिजी थी, इसलिए सैमसन ओपनिंग कर रहे थे। चीफ सिलेक्टर ने यशस्वी का बचाव जरूर किया था, लेकिन उन्हें एशिया कप की टीम में मौका नहीं दिया। अभिषेक ने यशस्वी की जगह छीन ली। दूसरी ओर उप कप्तान गिल ने 4 महीने में 15 टी-20 खेल लिए, लेकिन एक में भी वे फिफ्टी नहीं लगा सके। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 138 से भी कम रहा। साउथ अफ्रीका सीरीज के आखिरी टी-20 में गिल इंजर्ड हो गए, उनकी जगह विकेटकीपर सैमसन को फिर से ओपनिंग करने का मौका मिल गया। उन्होंने 168 के स्ट्राइक रेट से 37 रन बना दिए। अगले दिन वर्ल्ड कप की टीम अनाउंस हुई, गिल को बाहर कर दिया गया और सैमसन को बतौर ओपनर जगह मिल गई।
- **रिंकू-ईशान को मौका-** वर्ल्ड कप टीम में बैकअप ओपनर के रूप में विकेटकीपर ईशान किशन को शामिल किया गया। वहीं फिनिशर पोजिशन पर विकेटकीपर जितेश शर्मा को बाहर कर रिंकू सिंह को जगह मिली। अगरकर ने कहा कि मैनेजमेंट को ओपनिंग पोजिशन के लिए विकेटकीपर की ही जरूरत है। इसलिए सैमसन के साथ ईशान को मौका मिला। जितेश पर अगरकर ने कहा कि टीम में 2 विकेटकीपर काफी हैं। फिनिशर पोजिशन के लिए रिंकू की दावेदारी जितेश से मजबूत है, इसलिए उन्हें प्राथमिकता दी गई। यानी वर्ल्ड कप में अभिषेक और सैमसन ओपनिंग करते नजर आएंगे। वहीं ईशान बतौर बैकअप विकेटकीपर और बैकअप ओपनर टीम का हिस्सा हैं। यशस्वी अगर बैटिंग के साथ विकेटकीपिंग करते तो जरूर उन्हें टीम में मौका मिल जाता। सिलेक्टर्स की मानें तो ईशान अगर रटअळ में अच्छा प्रदर्शन नहीं भी करते तो टीम ऋषभ पंत या केएल राहुल जैसे विकेटकीपर को भी बैकअप के रूप में चुन सकती थी। जो टॉप ऑर्डर में योगदान देते हैं। वहीं रिंकू का सिलेक्शन उनकी फिनिशिंग स्किल्स के कारण ही हो सका। जितेश ने भी कुछ खराब नहीं किया था, लेकिन टीम कॉम्बिनेशन के कारण उन्हें बाहर करना पड़ा।

## भारत के खिलाफ सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम अनाउंस

### माइकल ब्रेसवेल वनडे कप्तानी करेंगे, विलियमसन को आराम, सैंटनर टी-20 टीम के कप्तान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने भारत के खिलाफ 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज के लिए अपनी टीम अनाउंस कर दी है। 15 सदस्यीय युवा वनडे टीम की कप्तानी ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल करेंगे। वहीं दिग्गज केन विलियमसन और रेगुलर कैप्टन मिचेल सैंटनर को आराम दिया गया। हालांकि, सैंटनर टी-20 सीरीज में कप्तानी करेंगे।

नए प्लेयर्स को मौका न्यूजीलैंड ने वनडे टीम में ज्यादातर नए प्लेयर्स को मौका दिया। इनमें आदी अशोक, कृश्चन क्लार्क, जोश क्लार्कसन, जैकरी फॉल्क्स, निक केली, जैडन लेनोक्स और माइकल रे शामिल हैं। अनुभवी खिलाड़ियों में ब्रेसवेल के अलावा डेवोन कॉन्वे, काइल जैमिसन, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स और विल यंग हैं। 11 जनवरी से सीरीज भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज 11 जनवरी से शुरू होगी। 14 और 18 जनवरी को बाकी 2 मुकाबले खेले जाएंगे। वडोदरा, राजकोट और इंदौर में तीनों मैच होंगे। दोनों टीमें फिर 21 से 31 जनवरी तक 5 टी-20 की सीरीज भी खेलेंगी। इस सीरीज के 6 दिन बाद ही भारत और श्रीलंका में टी-20 वर्ल्ड कप शुरू हो जाएगा। वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), आदी अशोक, कृश्चन क्लार्क, जोश क्लार्कसन, जैकरी फॉल्क्स, निक केली, जैडन लेनोक्स, माइकल रे, डेवोन कॉन्वे, काइल जैमिसन, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स और विल यंग।

टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चापमन, डेवोन कॉन्वे (विकेटकीपर), जैकब डफी, जैकरी फॉल्क्स, मैट हेनरी, काइल जैमिसन, बेवोन जैकब्स, डेरिल मिचेल, जिमी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, टिम रोबिनसन, ईश सोढी। जनवरी में अनाउंस हो सकती है भारतीय टीम भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टी-20 सीरीज और वर्ल्ड कप के लिए तो टीम अनाउंस कर दी है, लेकिन वनडे सीरीज के लिए टीम की घोषणा जनवरी के पहले सप्ताह तक होगी। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज सीरीज में खेलते नजर आएंगे। वहीं साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंजर्ड रहे कप्तान शुभमन गिल फिर एक बार टीम को लीड कर सकते हैं।

## इंडिया विमेंस ने दूसरा टी-20 भी जीता, श्रीलंका को 7 विकेट से हराया

### शेफाली की फिफ्टी; वैष्णवी शर्मा ने 2 विकेट लिए



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ विशाखापट्टनम**

इंडिया विमेंस ने श्रीलंका को दूसरे टी-20 में भी 7 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ होम टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। विशाखापट्टनम में मंगलवार को भारत ने बॉलिंग चुनी। श्रीलंका 9 विकेट खोकर 128 रन ही बना सकी। भारत ने 12वें ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया।

चरणी और वैष्णवी को 2-2 विकेट डॉ वायएस राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में श्रीलंका ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया। विष्मी गुणारत्ने 1 रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान चमारी अटापट्टू ने फिर हसिनी परेरा के साथ टीम को 40 के करीब पहुंचाया। अटापट्टू 31 रन बनाकर आउट हुईं। हसिनी ने हर्षिता समरविक्रमा के साथ टीम को 80 के पार पहुंचाया।

हसिनी 22 और हर्षिता 33 रन बनाकर आउट हो गईं। दोनों के पवेलियन लौटते ही टीम बिखर गई और 128 रन ही बना पाई। भारत से स्पिनर श्री चरणी और वैष्णवी शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। स्नेह राणा और क्रांति गौड़ को 1-1 विकेट मिला। 3 बैटर्स रन आउट भी हुईं। शेफाली ने फिफ्टी लगाई 129 रन के टारगेट के सामने इंडिया विमेंस ने तेज शुरूआत की और 3 ओवर में 29 रन बना लिए। स्मृति मंधाना 11 गेंद पर 14 रन बनाकर आउट हुईं। शेफाली वर्मा ने फिर जेमिमा रोड्रिग्ज के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। जेमिमा 15 गेंद पर 26 रन बनाकर आउट हुईं, लेकिन टीम को 8 ओवर में 90 के करीब पहुंचा दिया। शेफाली ने महज 27 गेंद पर फिफ्टी लगाई और टीम को 9वें ओवर में 100 रन के पार पहुंचा दिया। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ मिलकर 11.5 ओवर में टीम को जीत दिला दी।

## टी-20 इंटरनेशनल में पहली बार ओवर में पांच विकेट




### इंडोनेशिया के गेंदबाज ने कंबोडिया के खिलाफ किया कारनामा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाली**

इंडोनेशिया के तेज गेंदबाज गीड प्रियांदना ने एक ओवर में 5 विकेट झटके हैं। उन्होंने मंगलवार को बाली के उदयाना क्रिकेट स्टेडियम में कंबोडिया के खिलाफ यह कारनामा किया। इस मैच को इंडोनेशिया ने 60 रन से जीता।

28 साल के प्रियांदना ऐसा करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज (पुरुष या महिला क्रिकेट मिलाकर) बन गए हैं।

टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट के इतिहास में पहली बार किसी गेंदबाज ने ओवर की 5 बॉल पर विकेट झटके हैं। श्रीलंका के लसित मलिंगा ने 2019 में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टी20 में लगातार चार गेंदों में चार विकेट लिए थे।मैच का स्कोरबोर्ड प्रियांदना ने 167 रन का स्कोर डिफेंड कर रही इंडोनेशिया की ओर से 16वां ओवर डालने आए। उन्होंने पहली तीन गेंदों पर लगातार विकेट लेकर हैट्रिक पूरी की। प्रियांदना ने शाह अबरार हुसैन, निर्मलजीत सिंह और चंथोउन रथानक को पवेलियन भेजा।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5
(सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## कोर सेक्टर ने की वापसी

# नवंबर में 1.8% की बढ़त के साथ सुधरे हालात



### सीमेंट-स्टील क्षेत्र ने भरी रफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

नवंबर 2025 में कोर सेक्टर ने 1.8% की वृद्धि दर्ज कर वापसी की। सीमेंट और इस्पात उत्पादन में भारी उछाल, लेकिन ऊर्जा क्षेत्र में गिरावट जारी। पढ़ें विस्तृत रिपोर्ट।

भारत के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा यानी कोर सेक्टर उद्योगों ने नवंबर 2025 में वापसी के मजबूत संकेत दिए। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों ने अर्थव्यवस्था को राहत दी है, जिनके मुताबिक नवंबर में कोर सेक्टर की वृद्धि दर 1.8% रही। यह आंकड़ा इसलिए अहम है क्योंकि ठीक एक महीने पहले, यानी अक्तूबर में इन सेक्टरों की ग्रोथ नकारात्मक (-0.1%) दर्ज की गई थी। हालांकि, पिछले साल नवंबर में यह आकड़ा 5.8% था।

अर्थव्यवस्था के इस 'यू-टर्न' की कहानी मुख्य रूप से निर्माण और विनिर्माण क्षेत्रों के कंधों पर टिकी है। आंकड़ों का विश्लेषण करने पर साफ होता है कि इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े सेक्टरों ने ही बाजार को संभाला है। रिकवरी की सबसे बड़ी वजह सीमेंट उत्पादन में आया उछाल रहा, जिसने पिछले साल की तुलना में 14.5% की जबरदस्त वृद्धि दर्ज की। इसके साथ ही इस्पात क्षेत्र ने भी 6.1% की मजबूत बढ़त के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया। कृषि और बिजली क्षेत्र के लिए अच्छी खबर यह रही कि उर्वरक उत्पादन में 5.6% और कोयला उत्पादन में 2.1% का इजाफा देखने को मिला।

## आधार और डिजिटल भुगतान के जरिए भारत ने वेलफेयर लीकेज में

# जनकल्याणकारी योजनाओं में गड़बड़ी 13% घटी

### जानें हर साल कितनी होगी बचत

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आधार और डिजिटल भुगतान के जरिए भारत ने वेलफेयर लीकेज में 13% की कटौती की है। जानें कैसे इस बदलाव से देश सालाना हजारों करोड़ रुपये की बचत कर सकता है। भारत ने जन-कल्याणकारी प्रणालियों में होने वाली धांधली और लीकेज को रोकने में वैश्विक स्तर पर एक नया बेंचमार्क स्थापित किया है। आधार और डिजिटल भुगतान के स्मार्ट उपयोग से भारत ने सरकारी योजनाओं में होने वाली लीकेज को करीब 13 प्रतिशत तक कम करने में सफलता हासिल की है।

बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप यानी बीसीजी की नवीनतम रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट इस बात का प्रमाण है कि कैसे तकनीक का सही इस्तेमाल कर सरकारी पैसे को गलत हाथों में जाने से रोका जा सकता है और उसे सीधे जरूरतमंदों तक पहुँचाया जा सकता है।

**ग्लोबल रिपोर्ट में भारत के बारे में क्या का गया-** बीसीजी की रिपोर्ट, जिसका शीर्षक क्लोजिंग द ट्रिलियन-डॉलर गैप इन पब्लिक पेमेंट्स है, में बताया गया है कि दुनिया भर की सरकारें अपने नागरिकों को पेंशन, स्वास्थ्य सेवा और बुनियादी जरूरतों के लिए हर साल 21 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की राशि आवंटित करती हैं। हालांकि, धोखाधड़ी, मानवीय त्रुटियों और पुरानी प्रणालियों के कारण इसमें से लगभग तीन ट्रिलियन डॉलर हर साल बर्बाद हो जाते हैं। ऐसे में भारत ने इस समस्या को सुलझाने की दिशा में दुनिया का नेतृत्व किया है।

**कैसे रुकी लीकेज-** रिपोर्ट के अनुसार, भारत के जिन राज्यों ने आधार-लिंक्ड डिजिटल भुगतान और बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट) जांच को अपनाया है, वहां वेलफेयर लीकेज में लगभग 12.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। सबसे अहम बात यह है कि इस सख्ती के बावजूद असली लाभार्थियों को कोई परेशानी नहीं हुई। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि इन स्मार्ट प्रणालियों का उपयोग करके भारत हर साल 10 अरब डॉलर (लगभग 83,000 करोड़ रुपये) तक की बचत कर सकता है। यह बचत फर्जी नामों को हटाने और एक ही व्यक्ति द्वारा बार-बार लाभ क्लेम करने (डुप्लिकेट क्लेम) को रोकने से संभव हुई है।

**बिचौलियों का खेल खत्म, आम आदमी को कैसे राहत-** आंध्र प्रदेश, झारखंड और राजस्थान जैसे राज्यों ने दिखाया है कि कैसे तकनीक की मदद से समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाई जा सकती है। अब करोड़ों भारतीयों को राशन, गैस सब्सिडी और मनरेगा जैसी मजदूरी का पैसा बिना किसी देरी के मिल रहा है। सबसे बड़ी राहत यह है कि अब गरीबों को उन बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता, जो अक्सर उनके हिस्से का पैसा खा जाते थे।



### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

- बीसीजी में पब्लिक सेक्टर प्रैक्टिस (भारत) के लीडर मारियो गोंसाल्वेस ने इस उपलब्धि पर कहा, जब दुनिया भर में धोखाधड़ी और त्रुटियों के कारण सार्वजनिक भुगतान प्रणालियों को 3 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हो रहा है, तब भारत के पास गवर्नेंस रिफॉर्म की अगली लहर का नेतृत्व करने का अनूठा मौका है।
- उन्होंने आगे कहा, भारत द्वारा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को तेजी से अपनाना, विशेष रूप से सार्वजनिक सेवा वितरण में, सिस्टम में ईमानदारी और पारदर्शिता लाता है। एआई (एआई) आधारित समाधान वेलफेयर प्रोग्राम्स में लीकेज को काफी कम कर सकते हैं और संस्थानों में जनता का भरोसा मजबूत कर सकते हैं।

### दुनिया के लिए मॉडल बना भारत

- बीसीजी की रिपोर्ट यह स्पष्ट करती है कि भारत का डिजिटल ढांचा अब दूसरे देशों के लिए एक मॉडल बन चुका है। यह साबित करता है कि सरकारें नागरिकों के लिए लाभ प्राप्त करना मुश्किल बनाए बिना भी सार्वजनिक धन के खर्च में सुधार कर सकती हैं और भ्रष्टाचार पर लगाम लगा सकती हैं।

## सरकार फरवरी से

# खुदरा महंगाई और जीडीपी के आंकड़ों की नई श्रृंखला जारी करेगी



### आईआईपी के नए आंकड़े मई से

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

फरवरी 2026 से बदल जाएंगे जीडीपी और महंगाई के आंकड़े। सरकार ने आधार वर्ष में बदलाव का ऐलान किया है। जानें कब जारी होगी नई सीरीज और औद्योगिक उत्पादन के नए आंकड़े।

खुदरा मुद्रास्फीति के साथ-साथ राष्ट्रीय लेखा के लिए आधार वर्ष में बदलाव के साथ व्यापक आर्थिक आंकड़ों की एक नई श्रृंखला फरवरी में जारी होगी। इसके साथ ही औद्योगिक उत्पादन के नए आंकड़े अगले वर्ष मई में जारी किए गए जाएंगे। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार यह जानकारी दी।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मंत्रालय ने मंगलवार को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार संशोधन पर एक पूर्व-रिलीज परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित महंगाई की नई श्रृंखला, जिसके आंकड़े आधार वर्ष (2024=100) के हैं, 12 फरवरी, 2026 को जारी होने वाली है। वित्तीय वर्ष 2022-23 को आधार वर्ष मानते हुए राष्ट्रीय लेखा संबंधी आंकड़े 27 फरवरी, 2026 को जारी किए जाने निर्धारित हैं।

आधार वर्ष 2022-23 मानते हुए आईआईपी आंकड़ों की नई श्रृंखला 28 मई को जारी की जाएगी। मंगलवार को आयोजित होने वाली प्री-रिलीज परामर्श कार्यशाला, पहली कार्यशाला के बाद हो रही है, जो 26 नवंबर को मुंबई में आयोजित की गई थी।

## साल 2025 खाने के शौकीनों के लिए बेहद जायकेदार साबित हुआ

# बिरयानी की बादशाहत कायम, बर्गर-पिज्जा और डोसा की भी धूम

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

साल 2025 खाने के शौकीनों के लिए बेहद जायकेदार साबित हुआ है। देश के प्रमुख फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने मंगलवार को अपनी बहुप्रतीक्षित वार्षिक रिपोर्ट 'हाऊ इंडिया स्विगीड' का 10वां संस्करण जारी किया। इस रिपोर्ट में साल भर के फूड डिलीवरी ट्रेंड्स और भारतीयों की बदलती पसंद का लेखा-जोखा पेश किया गया है। आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल भारतीयों ने सबसे ज्यादा बिरयानी, बर्गर, पिज्जा और डोसा पर प्या लुटाया है।

**बिरयानी को सबसे ज्यादा तरजीह-** स्विगी की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय उपभोक्ताओं की पहली पसंद में कोई बदलाव नहीं आया है और बिरयानी ने एक बार फिर चार्ट में टॉप किया है। साल 2025 में यूजर्स ने प्लेटफॉर्म पर रिकॉर्ड 9.3 करोड़ (93 मिलियन) बिरयानी के ऑर्डर दिए। यह आंकड़ा इसे निर्विवाद रूप से देश का पसंदीदा व्यंजन बनाता है।

**फास्ट फूड की भी खूब रही मांग-** बिरयानी के बाद फास्ट फूड का जलवा रहा। 4.42 करोड़ (44.2 मिलियन) ऑर्डर्स के साथ बर्गर दूसरे सबसे ज्यादा ऑर्डर किए जाने वाले आइटम के रूप में उभरा। इटैलियन स्वाद भी पीछे नहीं रहा। पिज्जा को इस साल 4.01 करोड़ (40.1 मिलियन) बार ऑर्डर किया गया, जिससे यह लिस्ट में तीसरे स्थान पर रहा। दक्षिण भारतीय स्वादों की लोकप्रियता भी बरकरार है। 2.62 करोड़ (26.2 मिलियन) ऑर्डर्स के साथ डोसा ने टॉप फूड आइटम्स में अपनी जगह पक्की की।

**स्थायीय व्यंजनों को तरजीह-** स्विगी ने अपनी रिपोर्ट में कहा, ₹हाइपरलोकल यानी स्थानीय व्यंजनों के प्रति बढ़ा है।₹ रिपोर्ट में सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा पहाड़ी व्यंजनों का रहा, जिसमें पिछले साल के मुकाबले 9 गुना की भारी वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा, मालाबारी, राजस्थानी, मालवणी और अन्य क्षेत्रीय व्यंजनों के ऑर्डर भी पिछले एक वर्ष में लगभग 2 गुना बढ़ गए हैं। यह दशार्ता है कि लोग अब अपने पारंपरिक और देसी स्वादों को घर बैठे चखना पसंद कर रहे हैं।





### देश के बाहर के जायकों की भी रही मांग

देसी खाने के साथ-साथ विदेशी व्यंजनों ने भी भारतीय काट्र्स में जगह बनाई। इस मामले में मैक्सिकन डिश 1.6 करोड़ (16 मिलियन) ऑर्डर्स के साथ काफी लोकप्रिय रहे। इसके बाद तिब्बती खाने के 1.2 करोड़ (12 मिलियन) से अधिक ऑर्डर हुए। कोरियाई के ड्रामा और पॉप कल्चर के प्रभाव के चलते कोरियाई भोजन के भी 47 लाख (4.7 मिलियन) ऑर्डर दर्ज किए गए।

### लंच से ज्यादा डिनर में अधिक ऑर्डर

उपभोक्ता व्यवहार पर एक अहम जानकारी देते हुए रिपोर्ट में बताया गया है कि डिनर के समय फूड डिलीवरी की मांग सबसे ज्यादा होती है। 2025 में लंच के मुकाबले डिनर के ऑर्डर्स 32 प्रतिशत ज्यादा रहे।

## 32 लाख रुपये देकर कंपनी ने सुलझाया मामला

# जानें क्या थी एनसीडी से जुड़ी गड़बड़ी

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

टाटा मोटर्स फाइनेंस लिमिटेड ने बाजार नियामक सेबी के साथ चल रहे एक पुराने मामले को निपटा लिया है। कंपनी ने नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स जारी करने में हुई कथित अनियमिताओं से जुड़े इस मामले को खत्म करने के लिए 32 लाख रुपये की सेटलमेंट राशि का भुगतान किया है। यह मामला कंपनी द्वारा नियमों के विपरीत जाकर डिबेंचर जारी करने और प्राइवेट प्लेसमेंट के नियमों के उल्लंघन से जुड़ा था।

सेबी के आदेश के अनुसार, टाटा मोटर्स फाइनेंस ने इस मामले में 'सुओ-मोटो' (स्वतः संज्ञान लेते हुए) सेटलमेंट अर्जी दाखिल की थी। कंपनी ने प्रस्ताव रखा कि वह तथ्यों और कानून के निष्कर्षों को न तो स्वीकार करती है और न ही नकारती है के आधार पर मामले को सुलझाना चाहती है। सेबी ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया और संशोधित शर्तों के तहत मामले का का निपटारा कर दिया।

यह विवाद नवंबर 2019 से जुलाई 2022 के बीच टाटा मोटर्स फाइनेंस द्वारा जारी किए गए टियर-II परपेचुअल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स के पांच इश्यू से जुड़ा है। कंपनी ने ये डिबेंचर 'प्राइवेट प्लेसमेंट' के आधार पर जारी किए थे। सेबी की जांच में पाया गया कि आवंटन की तारीख से छह महीने के भीतर ये एनसीडी 200 से अधिक निवेशकों को बेचे गए। इसमें 460 करोड़ रुपये मूल्य के गैर-सूचीबद्ध इश्यू भी शामिल थे। कंपनी अधिनियम, 2013 और सेबी के नियमों के अनुसार, यदि किसी प्रतिभूति की पेशकश 200 से अधिक व्यक्तियों को की जाती है, तो उसे 'प्राइवेट प्लेसमेंट' नहीं बल्कि 'पब्लिक इश्यू' (सार्वजनिक निर्गम) माना जाता है। सेबी ने पाया कि टाटा मोटर्स फाइनेंस की ओर से एनसीडी की इस खेप को जारी करना तकनीकी रूप से एक पब्लिक इश्यू था, और इसके लिए सार्वजनिक निर्गम से जुड़े कड़े नियमों का पालन नहीं किया गया था। ऐसे में यह यह सेबी के रेगुलेशन और नियमों का उल्लंघन था। टाटा मोटर्स फाइनेंस की ओर से 32 लाख रुपये की राशि जमा करने के बाद, सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अमरजीत सिंह और संदीप प्रधान ने निपटान आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया, आवेदक (टीएमएफएल) के खिलाफ उल्लंघनों के लिए शुरू की जा सकने वाली किसी भी कार्यवाही का निपटारा किया जाता है।

## आंध्र प्रदेश में अज्ञात वाहन की टक्कर से 2 साल की बाघिन शावक की मौत



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के पालनाडु जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह एक अज्ञात वाहन की टक्कर से दो साल की मादा बाघ शावक की मौत हो गई। वन विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, सुबह करीब 7 से 7:30 बजे के बीच एनएच-565 पर माकार्पुर से माचेरला होते हुए हैदराबाद की ओर जा रहे मार्ग पर यह हादसा हुआ। वन विभाग के मुताबिक, मृत शावक एनएच-565 पर बंडला वागु क्षेत्र के पास मिला। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) के मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार पोस्टमार्टम किया गया, जिसमें मौत का कारण सड़क हादसा पुष्टि हुआ। पोस्टमार्टम के बाद एनटीसीए के एसओपी के तहत बाघ के शव का पूर्ण रूप से दाह संस्कार किया गया। हादसे में शामिल वाहन की पहचान की जा रही है। घटना की जांच के लिए वन्यजीव विशेषज्ञों, पशु चिकित्सकों और प्रोजेक्ट टाइगर प्राधिकरण के अधिकारियों की एक समिति भी गठित की गई है।

## गोवा नाइट क्लब अग्निकांड मामले में दो मैनेजरों को जमानत, एक की याचिका खारिज

ब्रह्मास्त्र ›› गोवा

गोवा के नाइट क्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन अग्निकांड मामले में गोवा की एक अदालत ने मंगलवार को दो मैनेजरों को जमानत दे दी। हालांकि, तीसरे मैनेजर विवेक सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी। क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। इसके एक दिन बाद 7 दिसंबर को तीनों को गिरफ्तार किया गया था। अब तक इस मामले में आठ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### चराई जमीन पर अतिक्रमण का विरोध कर रहे जनजातीय लोग

# असम में लगातार दूसरे दिन हिंसा, 2 की मौतः 38 पुलिसकर्मियों समेत कुल 45 घायल

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

असम के अशांत कार्बी आंगलोंग जिले में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन हिंसा भड़क उठी। खेरोनी बाजार इलाके में प्रदर्शनकारियों के दो गुट आमने-सामने आ गए, जिसके बाद पथराव शुरू हो गया। इस दौरान दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 38 पुलिसकर्मियों समेत कुल 45 लोग घायल हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, 25 साल के दिव्यांग युवक सुरेश डे का शव एक जली हुई इमारत से बरामद किया गया, जबकि अथिक तिमुंग की मौत झड़प के दौरान हुई। हिंसा के दौरान कई दुकानों और वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया।

हालात काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले दागने पड़े। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने कार्बी आंगलोंग और पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं। इलाके में निषेधाज्ञा लागू है और अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

दरअसल विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों से जुड़े आंदोलनकारी कार्बी आंगलोंग और पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिलों में पेशेवर चराई रिजर्व और ग्रामीण चराई रिजर्व में अवैध रूप से रह रहे लोगों को हटाने की मांग कर रहे हैं।

सोमवार को घर, दुकानों में आग लगाई सोमवार को उस समय हालात बिगड़ गए, जब बेदखली की मांग को लेकर किया जा रहा विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया। गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद (केएएसी) के मुख्य कार्यकारी सदस्य और बीजेपी नेता तुलिराम रोंगहांग के डोंकामुकाम स्थित पैतृक घर में आग लगा दी और जमकर पथराव किया। खेरोनी



बाजार की करीब 15 दुकानों को आग लगा दी। झड़प में एक पुलिसकर्मी समेत चार लोग घायल हुए थे। स्थिति बेकाबू होती देख पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बल प्रयोग करना पड़ा। इस दौरान कम से कम तीन लोगों के घायल हुए। इसके बाद यहां निषेधाज्ञा लगा दी गई।

### निषेधाज्ञा के बावजूद सड़कों पर उतरे लोग

मंगलवार को निषेधाज्ञा के बावजूद खेरोनी बाजार क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग हिंसा के विरोध में सड़कों पर उतर आए। इनमें जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे?? ये वे लोग थे। जिनकी दुकानों को सोमवार को भीड़ ने आग के हवाले कर दिया था। वहीं, आदिवासी क्षेत्रों से अतिक्रमणकारियों को बेदखल करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारी भी उसी इलाके में जमा हो गए। पुलिस के अनुसार, दोनों गुटों में



भारी आक्रोश था और अचानक पथराव शुरू हो गया। प्रदर्शनकारियों ने खेरोनी इलाके में दो मोटरसाइकिलों में आग भी लगा दी थी।

### हाईकोर्ट के आदेश से अटका मामला

राज्य के मंत्री रानोज पेगु ने बताया कि पीजीआर और वीजीआर की जमीन से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पिछले साल शुरू की गई थी, लेकिन गौहाटी हाईकोर्ट में याचिका दायर होने के बाद अंतरिम आदेश के चलते बेदखली पर रोक लग गई।

उन्होंने कहा किइस मामले का समाधान केवल बातचीत के जरिए ही संभव है। हम प्रदर्शनकारियों और अतिक्रमणकारियों-दोनों से बात कर रहे हैं। मंगलवार को मंत्री रानोज पेगु से बातचीत के बाद आदिवासी क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर जारी 15 दिनों की भूख हड़ताल भी समाप्त कर दी गई।

## गडकरी बोले- देश में हिंदू-मुस्लिम समस्या की कांग्रेस जिम्मेदार



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि देश में आज भी जो हिंदू-मुस्लिम से जुड़ी समस्याएं दिखती हैं, उनकी वजह कांग्रेस की सेक्युलरिज्म की सोच और वोट बैंक की राजनीति है। कांग्रेस ने सेक्युलरिज्म की गलत व्याख्या की।

गडकरी के मुताबिक, सेक्युलर का अर्थ धर्मनिरपेक्षता या किसी एक वर्ग का तुष्टिकरण करना नहीं है। इसका सही मतलब 'सर्व धर्म समभाव' होता है, यानी सभी धर्मों को समान सम्मान और सबको न्याय और सभी के साथ बराबरी का व्यवहार करना है। गडकरी मंगलवार को दिल्ली में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी की किताब 'सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि' के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन भी मौजूद थे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बयान को दोहराते हुए कहा कि भारत पहले भी सेक्युलर था, आज भी है और हमेशा रहेगा। यह बीजेपी-फ्सर की वजह से नहीं, बल्कि भारतीय, हिंदू और सनातन संस्कृति की वजह से है, जो विश्व का कल्याण सिखाती है।

# राममंदिर को गुमनाम भक्त ने दी 30 करोड़ की प्रतिमा, कर्नाटक शैली में बनी, सोना-चांदी और हीरा जड़े हैं

ब्रह्मास्त्र ›› अयोध्या

अयोध्या में रामलला मंदिर कैंपस में जल्द एक बेहद भव्य और बेशकीमती प्रतिमा स्थापित होने वाली है। सोने की चमक वाली इस प्रतिमा में हीरा-पन्ना और कई रत्न जड़े हुए हैं। इसे कर्नाटक के एक गुमनाम भक्त ने दान किया है। मंगलवार शाम प्रतिमा कर्नाटक से अयोध्या लाई गई। प्रतिमा 10 फिट ऊंची और 8 फिट चौड़ी है। अनुमानित कीमत 25 से 30 करोड़ है। निर्माण दक्षिण भारत की शिल्पकला से किया गया है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया- प्रतिमा किसने भेजी है, अभी इसका पता नहीं चल पाया है। इसका वजन कराया जा रहा है। हालांकि अनुमान है कि 5 क्विंटल वजनी प्रतिमा होगी। जल्द पूरी डिटेल साझा की जाएगी।

इस प्रतिमा को संत तुलसीदास मंदिर के पास अंगद टीला पर स्थापित किए जाने पर विचार किया जा रहा है। इसकी स्थापना से पहले इसका अनावरण किया जाएगा। अनावरण के बाद प्राण-प्रतिष्ठा समारोह होगा। जिसमें देशभर के संतों और महंतों को बुलाया जाएगा।

### स्पेशल वैन से 6 दिन में लाई गई

कर्नाटक से अयोध्या की दूरी 1,750 किमी है। प्रतिमा को स्पेशल वैन से लाया गया। मंगलवार की शाम को 3:30 बजे प्रतिमा राम मंदिर परिसर लाई गई। परिसर में ही इसे खोला गया है। इसे अयोध्या लाने में 5 से 6 दिन लगे।

सूत्रों के मुताबिक, इस प्रतिमा को कर्नाटक के कुछ श्रद्धालुओं ने संयुक्त रूप से तैयार कराया है। निर्माण कार्य में तंजावुर के कुशल और अनुभवी कारीगरों की अहम भूमिका रही है, जिन्होंने इसे अत्यंत कलात्मक और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया है। प्रतिमा रत्न और स्वर्ण जड़ित है। धातु का पता नहीं चल सका है।

### रामलला प्रतिमा की कॉपी नई प्रतिमा

यह प्रतिमा राम जन्मभूमि में प्रतिष्ठापित रामलला की नवनिर्मित मूर्ति की हूबहू कॉपी है। इसमें सोने के साथ ही हीरा, पन्ना, नीलम जैसे बहुमूल्य पत्थरों का प्रयोग किया गया है,



जिससे इसकी भव्यता और आध्यात्मिक गरिमा और भी बढ़ गई है।

### 29 दिसंबर से मनाई जाएगी रामलला प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ

अयोध्या में रामलला प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी, 2024 को की गई थी। पंचांग के अनुसार, इस साल प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ 31 दिसंबर को मनाई जाएगी। इसे प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम नाम दिया गया है। अंगद टीला परिसर में ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया।

इसके बाद यहां होने वाले धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पंडाल, मंच और साज-सज्जा का कार्य शुरू हो गया है। भूमि पूजन अनुष्ठान में मुख्य यजमान के साथ ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र, आयोजन की केंद्रीय समिति के सदस्य नरेन्द्र, डॉ चन्द्र गोपाल पाण्डेय, धनंजय पाठक व हेमेंद्र मौजूद रहे। अंगद टीला परिसर में प्रतिष्ठा द्वादशी के सभी धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 29 दिसंबर 2025 से 2 जनवरी 2026 तक चलेंगे।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेतागण मुस्तफा पिता आबिद हुसैन जाति बोहरा, रुकैया पति जैनुल आबेदीन जाति बोहरा निवासीगण डाबरी चौक बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. कृषकगण ग्राम झलारिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा कृषि भूमि सर्वे क्र. 34/1 रकबा 0.1800 हे., सर्वे क्र. 36/1 रकबा 0.6500 हे., सर्वे क्र. 38/1 रकबा 0.1600 हे., सर्वे क्र. 38/2 रकबा 0.3900 हे., कुल किता 04 कुल रकबा 1.38 में से रकबा 0.6000 हे. ग्राम झलारिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र., को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशी भी विक्रेता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपत्ति हो या संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कहीं पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी। सूचित हो

। दिनांक :- 22/12/2025

**लोकेन्द्र पटेल (अभिभाषक)**
**161, राधाकृष्ण कॉलोनी बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. मो. 7999800300**

## गोली लगने से महिला की संदिग्ध मौत हुई थी

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल फाइल्स में ट्रम्प पर रेप का आरोप: सरकार बोली- सबूत नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े मामले में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर रेप के आरोप लगे हैं। इस पर जस्टिस डिपार्टमेंट का कहना है कि ये आरोप बिना सबूत के हैं, इन्हें सच नहीं माना जाना चाहिए। मंगलवार रात को इस मामले से जुड़े करीब 30 हजार पन्नों के नए दस्तावेज जारी किए हैं।

इनमें एक महिला का दावा शामिल है कि ट्रम्प और एपस्टीन दोनों ने उसके साथ गलत काम किया था। इसके अलावा एक ड्राइवर का बयान भी है, जिसने कहा कि उसने ट्रम्प और एपस्टीन को एक लड़की के साथ दुर्व्यवहार की बात करते सुना था।

हालांकि, फाइलों में यह नहीं बताया गया कि ने इन बातों की जांच की या नहीं। बताया गया है कि आरोप लगाने वाली महिला की बाद में गोली लगने से संदिग्ध मौत हो गई थी।

### सरकार बोली- दस्तावेजों में ट्रम्प को कहीं दोषी नहीं माना गया

जस्टिस डिपार्टमेंट ने जोर देकर कहा है कि इन दस्तावेजों में कहीं भी यह नहीं लिखा है कि ट्रम्प को किसी अपराध का आरोपी माना गया हो या उनके खिलाफ कोई आधिकारिक जांच चली हो। विभाग के मुताबिक, ट्रम्प और एपस्टीन की जान-पहचान जरूर थी और वे कुछ समय तक एक-दूसरे से मिलते रहे थे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ट्रम्प किसी अपराध में शामिल थे। जस्टिस डिपार्टमेंट ने कहा कि ये आरोप झूठे और सनसनी फैलाने वाले हैं। अगर इन दावों में थोड़ी भी सच्चाई होती, तो 2020 के चुनाव के समय इन्हें ट्रम्प के खिलाफ जरूर इस्तेमाल किया जाता।

वहीं दूसरी ओर, विपक्षी डेमोक्रेट नेताओं का कहना है कि इन फाइलों से एपस्टीन और ट्रम्प के रिश्ते पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने जस्टिस डिपार्टमेंट पर सच्चाई छिपाने का आरोप लगाया है।

### फाइल्स में ट्रम्प का सैकड़ों बार जिक्र


इन फाइलों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का सैकड़ों बार जिक्र है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, ट्रम्प का नाम ज्यादातर बार किसी खबर या रिकॉर्ड के तौर पर दर्ज है, लेकिन कुछ दस्तावेज सीधे तौर पर ट्रम्प से जुड़े हैं। इनमें जनवरी 2020 का एक ईमेल भी शामिल है। इस ईमेल में कहा गया है कि ट्रम्प ने 1993 से 1996 के बीच एपस्टीन के निजी विमान से आठ उड़ानें भरी थीं।

ईमेल के मुताबिक एक उड़ान में सिर्फ एपस्टीन, ट्रम्प और 20 साल के एक व्यक्ति थे। बाकी उड़ानों में ट्रम्प के साथ उनकी पूर्व पत्नी मार्ला मैपल्स, बेटी टिफनी और बेटे एरिक भी थे।

हालांकि, डोनाल्ड ट्रम्प पर एपस्टीन मामले में किसी तरह की आपराधिक भूमिका का आरोप नहीं लगाया गया है। व्हाइट हाउस की ओर से इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

### जस्टिस डिपार्टमेंट बोला- फाइल्स में झूठे दावे हो सकते हैं

जस्टिस डिपार्टमेंट ने चेतावनी दी कि इन फाइल्स में झूठे और सनसनीखेज दावे भी शामिल हो सकते हैं। डिपार्टमेंट ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, इनमें से कुछ दस्तावेजों में राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ झूठे और सनसनीखेज दावे शामिल हैं, जिन्हें 2020 के चुनाव से ठीक पहले एफबीआई को सौंपा गया था।




### एपस्टीन के पासपोर्ट की तस्वीर भी सामने आई

नई फाइल्स में एपस्टीन के एक पुराने अमेरिकी पासपोर्ट की तस्वीर भी सामने आई है। यह फरवरी 1985 में जारी किया गया था और 1995 में इसकी वैधता समाप्त हो गई थी। एपस्टीन के साइन वाली हस्ताक्षर के नीचे उसकी सूट और टाई पहने हुए एक ब्लैक एंड व्हाइट पासपोर्ट फोटो है। जस्टिस डिपार्टमेंट ने जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी जांच के तहत शुक्रवार रात ढाई बजे (भारतीय समय के मुताबिक) तीन लाख दस्तावेज जारी किए थे। हालांकि अभी भी पूरे दस्तावेज जारी होने में समय लग सकता है। इनमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, पॉप सिंगर माइकल जैक्सन जैसे दिग्गजों की तस्वीरें सामने आईं, हालांकि रिकॉड्र्स में डोनाल्ड ट्रम्प का नाम लगभग नहीं के बराबर पाया गया। जबकि फरवरी में जारी एपस्टीन के निजी जेट के फ्लाइट लॉग्स में ट्रम्प का नाम सामने आ चुका है।

## अमेरिका में नर्सिंग होम में धमाका, इमारत का हिस्सा ढहा; कई लोग घायल



अमेरिका के पेंसिल्वेनिया राज्य में फिलाडेल्फिया के पास ब्रिस्टल हेल्थ एंड रिहैब सेंटर नाम के नर्सिंग होम में मंगलवार दोपहर जोरदार धमाका हो गया। धमाके से इमारत का एक हिस्सा ढह गया और कई लोग घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, कुछ लोगों के अंदर फंसे होने की भी आशंका है।

धमाका स्थानीय समय के मुताबिक, दोपहर करीब 2:17 बजे हुआ। इससे पहले नर्सिंग होम में गैस की गंध की शिकायत मिली थी, जिसके बाद गैस कंपनी की टीम जांच के लिए पहुंची थी। इसी दौरान अचानक विस्फोट हो गया। घटनास्थल से काला धुआं उठता देखा गया और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और राहत दल तुरंत मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने बताया कि सभी निवासियों को बाहर निकाल लिया गया है, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं है कि कोई लापता है या नहीं। गैस और बिजली की सप्लाई बंद कर दी गई है। हादसे की असली वजह जानने के लिए जांच जारी है।

### पाकिस्तानी नेता ने भारत को मिसाइल हमले की धमकी दी, कहा- बांग्लादेश पर हमला किया तो जबाव देंगे

पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टी पीएमएल-एन के युवा मोर्चे के प्रमुख कामरान सईद उस्मानी ने भारत को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर भारत बांग्लादेश की संप्रभुता के खिलाफ कोई कदम उठाता है तो पाकिस्तान जवाब देगा। वीडियो संदेश में उस्मानी ने कहा कि पाकिस्तान की सेना और मिसाइलें ज्यादा दूर नहीं हैं। उन्होंने भारत पर बांग्लादेश के खिलाफ साजिशें करने का आरोप लगाया।

इस बीच बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने पाकिस्तान के साथ रिश्ते मजबूत करने की बात कही है। उन्होंने व्यापार, निवेश और युवा व सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ाने पर जोर दिया। उधर ढाका में एक रैली के दौरान नेशनल सिटिजन पार्टी के नेता हसनत अब्दुल्ला ने भी भारत को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर बांग्लादेश को अस्थिर किया गया तो उसका जवाब दिया जाएगा।

# भारत ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब किया:एक हफ्ते में दूसरी बार समन भेजा

ब्रह्मास्त्र ›› ढाका

भारत ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब किया है। भारत ने हमीदुल्लाह के सामने बांग्लादेश में भारतीय राजनयिकों और मिशनों की सुरक्षा पर चिंता जताई। साथ ही अल्पसंख्यकों (खासकर हिंदुओं) पर हमलों का मुद्दा उठाया। भारत का हमीदुल्लाह को यह एक हफ्ते में दूसरी बार समन था, इससे पहले उन्हें 17 दिसंबर को भी तलब किया था।

दूसरी तरफ बांग्लादेश ने भी आज सुबह भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया था। इस दौरान ढाका ने भारत में बांग्लादेशी मिशनों के बाहर हुए प्रदर्शनों पर आपत्ति जताई। ढाका का भी यह 10 दिन में भारतीय उच्चायुक्त को दूसरी बार समन था। इससे पहले 14 नवंबर



# लीबिया के आर्मी चीफ की प्लेन क्रैश में मौत: 7 लोग भी मारे गए, तुर्किए में उड़ान भरने के 30 मिनट बाद हादसा

ब्रह्मास्त्र ›› तुर्किए

लीबियाई की सेना के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद अल-हद्दाद की मंगलवार रात तुर्किये में प्लेन क्रैश में मौत हो गई। प्लेन में 8 लोग सवार थे, सभी की मौके पर ही मौत हो गई।

तुर्किये के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि फाल्कन-50 विमान का मलबा अंकारा के पास हायमाना इलाके में मिला है। लीबियाई अधिकारियों के मुताबिक, विमान में टेकऑफ के 30 मिनट बाद ही तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

यह लीबियाई मिलिट्री डेलिगेशन अंकारा में तुर्किये के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने को लेकर हाई लेवल बातचीत के लिए आया था और वापस लीबिया लौट रहा था।



हादसे में मरने वालों में लीबिया के थल सेना प्रमुख जनरल अल-फितूरी ग्रैबिल, ब्रिगेडियर जनरल महमूद अल-कतावी, चीफ ऑफ स्टाफ के सलाहकार मोहम्मद अल-असावी दियाब, सैन्य फोटोग्राफर मोहम्मद ओमर अहमद महजूब और 3 क्रू मेंबर शामिल हैं।


### प्लेन ने इमरजेंसी लैंडिंग का मैसेज भेजा था

लीबिया के प्रधानमंत्री अब्दुल-हामिद दबैबा ने फेसबुक पर बयान जारी कर जनरल अल-हद्दाद और अन्य अधिकारियों की मौत की पुष्टि की और इसे देश के लिए बहुत बड़ा नुकसान बताया। तुर्किये के गृह मंत्री अली यरलीकाया के मुताबिक, विमान लोकल समय के मुताबिक रात करीब 8 बजे अंकारा के एसनबोगा एयरपोर्ट से उड़ा था और कुछ देर बाद संपर्क टूट गया।


### अंकारा एयरपोर्ट अस्थायी रूप से बंद

स्थानीय टीवी चैनलों पर जारी सीसीटीवी फुटेज में रात के आसमान में तेज रोशनी और विस्फोट जैसा दृश्य दिखा। विमान का मलबा अंकारा से करीब 70 किलोमीटर दक्षिण हायमाना जिले के एक गांव के पास मिला। हादसे के बाद अंकारा एयरपोर्ट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया और कई उड़ानों को दूसरे एयरपोर्ट पर भेजा गया। तुर्किये के न्याय मंत्रालय ने हादसे की जांच के लिए चार अधिकारियों की नियुक्ति की है। वहीं, लीबिया सरकार ने भी जांच में सहयोग के लिए अपनी टीम अंकारा भेजने का फैसला किया है। हायमाना के एक स्थानीय निवासी बुरहान चिचेक ने बताया कि उन्होंने जोरदार धमाके की आवाज सुनी। उन्होंने कहा- ऐसा लगा जैसे कोई बम फटा हो। तुर्किये की मीडिया में भी ऐसी तस्वीरें दिखाई गईं, जिनमें हादसे के समय आसमान में तेज रोशनी नजर आई।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



## अंतर ढूंढो...



## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 |
| | ■ | ■ | 5 | 6 | 7 | | ■ | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | | ■ | ■ | |
| ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | | ■ | 16 | | | ■ |
| 17 | | | ■ | 18 | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | 20 | | ■ | ■ | 21 | 22 |
| | ■ | 23 | | | 24 | ■ | ■ | |
| 25 | | | ■ | ■ | 26 | | | |

### बाएं से दाएं

1. अंगरखा-4
3. मान-सम्मान, इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद, नियामत-4
8. केश-2
10. कसम, प्रतिज्ञा, वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. मांड़ी, स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम, केश-2
20. अधिकार, आरोप-2
21. सतह, स्तर, पटल-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. सभ्यीकरण, विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

### ऊपर से नीचे

1. अनोखा, विचित्र, विलक्षण-3
2. नया, नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन, प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल, कालकोठरी-4
18. शोर, ध्वनि, कंपन्न-3
20. ताप, शवदाह-2
22. यज्ञ, आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | न | ब | न | ■ | सी | ■ | ■ |
| ■ | ध | ■ | हि | ■ | स | म | ल | अ |
| मि | ल | क | ■ | ह | ष | न | ■ | ल |
| ■ | ध | र | नी | ■ | ह्न | ■ | ग | ज |
| मि | ■ | क | मा | नी | ध | र | ■ | ला |
| न | न्हा | ■ | र | ■ | र | ह | म | ■ |
| र | ■ | म | ब्र | री | ■ | ना | र | द |
| ना | र | कट | री | ■ | आ | ■ | ग | ■ |
| ■ | ■ | न | ■ | प | न | ध | ह | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | | 3 | | 61 | | 10 | = | 66 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 5 | | 51 | | 25 | = | 24 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 40 | | 10 | | 25 | = | 45 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 70 | | 18 | | 27 | | 40 | = | 75 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 30 | | 27 | | 50 | = | 80 / 52 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | म | र | यु | दा | प | र | तू | ग | झ | दो |
| ज | अ | ल | प | मु | रि | शो | ना | रि | शा | आं |
| अं | इ | नु | म | त | दा | ल | घ | र | ला | खें |
| ती | कु | दा | रा | धा | य | क | प | रि | श | बा |
| स | ति | श | न | धा | क | व | री | ग | वी | र |
| श्री | रं | ल | प | व | लि | र्त | ऐ | ती | प | ह |
| क | गा | ल | श | जा | प | म | र्ज | की | या | ह |
| स | बा | अ | र्जा | त | क | छ | प्प | ज | श | य |
| म | स | मि | तें | व | न | ज | मृ | शा | जू | द |
| द | र | ल | श | ह | र | औ | र | स | प | ना |
| यो | द्व | सा | ठ | वा | ध | व | हा | दु | र | क |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | | | 1 | |
| 5 | 29 | | 37 | | 31 | 3 |
| | 3 | | 7 | 5 | | |
| 3 | 27 | 6 | 41 | | 33 | 2 |
| | | 3 | | | 5 | 4 |
| | 29 | | 27 | 4 | 30 | 1 |
| 7 | 4 | | 2 | | | |

# क्या पाकिस्तान से बड़ा खतरा बांग्लादेश ?

# संसदीय समिति ने माना- चीन और कट्टरपंथियों का दखल बढ़ा




**1971 में जो देश भारत की वजह से अस्तित्व में आया, वही अब सबसे बड़ा रणनीतिक संकट बन गया है। अगस्त 2024 से दोनों देशों के रिश्तों में जारी उथल-पुथल पिछले 4-5 दिनों से बदतर हो गई है। विदेश मामलों की संसदीय समिति ने भी आगाह किया है कि भारत को जल्द कुछ करना पड़ेगा, वरना चीजें हाथ से निकल जाएंगी।**

## बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ तीसरा मोर्चा खोला

1948, 1965 और 1971 में पाकिस्तान के साथ हुई 3 जंगों में भारत को पूर्व और पश्चिम दोनों तरफ से हमलों का डर बना रहा। तब चीन भी तीसरा मोर्चा होता, जिससे 1962 में भारत मात खा चुका था।



1971 में भारत ने बांग्लादेश को आजादी दिलाई और पूर्वी सीमा से हमले की चिंता पूरी तरह खत्म हो गई। 3 की जगह भारत को 2 मोर्चों के लिए ही तैयार रहना पड़ता।

अब 64 साल बाद बांग्लादेश में एंटी-इंडिया सेंटीमेंट और चीन-पाकिस्तान से नजदीकी के चलते ये तीसरा मोर्चा फिर से एक्टिव हो गया है।




## तीनों देशों के मुकाबले भारतीय सैन्य ताकत

### ग्लोबल रैंकिंग



| देश | रैंकिंग |
| --- | --- |
| चीन | 3 |
| भारत | 4 |
| पाकिस्तान | 12 |
| बांग्लादेश | 35 |

### एक्टिव फोर्स

| भारत | चीन | पाकिस्तान | बांग्लादेश |
| --- | --- | --- | --- |
| 14.6 लाख | 20.4 लाख | 6.5 लाख | 1.6 लाख |

### एयरक्राफ्ट

| भारत | चीन | पाकिस्तान | बांग्लादेश |
| --- | --- | --- | --- |
| 2,229 | 3,309 | 1,399 | 214 |

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रैटजिक स्टडीज यानी IISS के मुताबिक,

भारत का डिफेंस बजट
**$75 बिलियन**

चीन का डिफेंस बजट
**$266.85 बिलियन**

पाकिस्तान का डिफेंस बजट
**$9 बिलियन**

### नेवल फ्लीट

चीन
754

## भारत के नॉर्थ-ईस्ट पर बांग्लादेश की बुरी नजर

मार्च 2025 में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस ने चीन यात्रा के दौरान कहा, **'भारत के पूर्वोत्तर राज्य जमीन से घिरे हुए हैं। समुद्र तक पहुंचने बांग्लादेश ही उनका इकलौता रास्ता है।'**





दिसंबर 2025 में नेशनल सिटीजन पार्टी के नेता **हसनत अब्दुल्लाह** ने कहा, 'अगर बांग्लादेश को अस्थिर किया, तो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों **'सेवन सिस्टर्स'** को अलग-थलग कर दिया जाएगा।'

ीते दिनों जिस एंटी-इंडिया ीडर **उस्मान हादी** की मौत ो बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी प्रदर्शन बढ़े, कुछ ंटे पहले उसने सोशल ीडिया पोस्ट में नॉर्थ-ईस्ट को ांग्लादेश का हिस्सा बताया था।



भारत इन टिप्पणियों को हल्के में नहीं ले सकता क्योंकि नॉर्थ ईस्ट राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद संवेदनशील मुद्दा है।

नॉर्थ-ईस्ट के 7 राज्यों को बाकी देश से जोड़ने वाला यह **सिलिगुड़ी कॉरिडोर** सिर्फ 40 किमी लंबा और 22 से 30 किमी चौड़ा है। इसे चिकन नेक भी कहते हैं।



■ वर्ष-12 अंक-52 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 24 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

न दैवमपि सञ्चिन्त्य त्यजेदुद्योगमात्मनः।
अनुद्योगेन कस्तैलं तिलेभ्यः प्राप्तुमर्हति॥

**भावार्थ** : दैव यानी भाग्य का विचार करके व्यक्ति को कार्य-संपादन का अपना प्रयास त्याग नहीं देना चाहिए। भला समुचित प्रयास के बिना कौन तिलों से तेल प्राप्त कर सकता है?

**आस्ते भग आसीनस्योर्ध्वस्तिष्ठति तिष्ठतः।**
**शेते निपद्यमानस्य चराति चरतो भगश्चरैवेति॥**

**भावार्थ** : जो मनुष्य बैठा रहता है, उसका सौभाग्य (भग) भी रुका रहता है। जो उठ खड़ा होता है उसका सौभाग्य भी उसी प्रकार उठता है। जो पड़ा या लेटा रहता है उसका सौभाग्य भी सो जाता है और जो विचरण में लगता है उसका सौभाग्य भी चलने लगता है। इसलिए तुम विचरण ही करते रहो।

## सम्पादकीयम्

### इतिहासः किं वदति

आक्रामकं वृत्तं स्वीकृत्य २०१९ तमस्य वर्षस्य निर्वाचनस्य सदृशं तस्य विरुद्धं धार्मिकध्रुवीकरणं भवितुं शक्नोति इति दलं अवगच्छति। अतः बूथस्तरस्य विषये अधिकं ध्यानं ददाति। यदि एतेषु निर्वाचनेषु उत्तमं सफलतां प्राप्नोति तर्हि विधानसभानिर्वाचनेषु उत्तमं प्रदर्शनं कर्तुं समर्थः भविष्यति। केरलदेशे स्थानीयनिकायनिर्वाचनं विधानसभानिर्वाचनस्य बैरोमीर्ट इति मन्यते। २०२० तमे वर्षे एलडीएफ-सङ्घः १४ जिल्ह्यपञ्चायतानां मध्ये ११ विजयं प्राप्तवान्। यूडीएफ-सङ्घः मलप्पुरम्-एनार्कुलम्-नगरयोः मध्ये एव सीमितः आसीत्। नगरनिगमानाम् मध्ये एलडीएफ-पक्षः पञ्च विजयं प्राप्तवान्, यूडीएफ-पक्षः केवलं कन्नू-'निगमस्य विजयं प्राप्तवान्। नगरपालिकासु एलडीएफ-पक्षः ३५, यूडीएफ-पक्षः २३ विजयं प्राप्तवान्। अनन्तरवर्षे आयोजिते विधानसभानिर्वाचने एलडीएफ-सङ्घः ऐतिहासिकरूपेण द्वितीयवारं क्रमशः सत्तां प्राप्तवान् २०१५ तमे वर्षे स्थानीयनिकायनिर्वाचने एलडीएफ-पक्षः अपि नेतृत्वं कृतवान्, यत्र ५४९ ग्रामपञ्चायतानि, सप्तजिल्लापञ्चायतानि च जित्वा। तदनन्तरवर्षे च विधानसभायां पुनः सत्तां प्राप्तवान्। फलतः २०२५ तमे वर्षे स्थानीयनिकायनिर्वाचनं यूडीएफ, एलडीएफ, भाजपा च इत्येतयोः सामर्थ्यस्य, दुर्बलतायाः, नेतृत्वस्य, समर्थनस्य च आधारस्य महत्त्वपूर्णपरीक्षां प्रतिनिधियति एतेषां निर्वाचनानां परिणामं १३ दिसम्ब 'दिनाङ्के प्रतीक्ष्यताम्।

## मध्यप्रदेशे थैलेसीमियारोगेण पीडितानां

# बालकानां कृते एच.आइ.वी. अन्वेषणेन प्रणालीगतप्रमादस्य स्तराः प्रकाशिताः




ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेशस्य सतनामण्डलात् यः एच.आई.वी.-थैलेसीमिया-प्रकरणः उद्धृतः सः केवलं चिकित्सा-प्रमादस्य कथा नास्ति; जीवनरक्षकरक्तसंचरणप्रक्रियायाः निरीक्षणार्थं निर्मितस्य सम्पूर्णव्यवस्थायाः विषये प्रश्नान् उत्थापयति। राज्यसर्वकारेण निर्मितस्य उच्चस्तरीयस्य अन्वेषणसमित्याः प्रारम्भिकप्रतिवेदने आश्चर्यजनकतथ्यानि प्रकाशितानि, जनचिन्ता च गभीरा अभवत्। थैलेसीमिया इत्यादिना गम्भीररोगेण पूर्वमेव पीडिताः पञ्च निर्दोषाः बालकाः नियमितरूपेण रक्ताधानस्य समये एच.आइ.वी. इदानीं राज्ये एव प्रश्नः प्रतिध्वन्यते यत् एतादृशः त्रुटिः कथं सम्भवः इति।

अन्वेषणप्रतिवेदनानुसारं सतनाजिल्लाचिकित्सालये संचालितं रक्तकेन्द्रं नियमानाम् मानकानां च प्रकटरूपेण उल्लङ्घनं कृतवान्। रक्तदातृणां अभिलेखेषु स्थूलाः अनियमिताः दृश्यन्ते स्म। बहुषु सन्दर्भेषु रक्तं केभ्यः संगृहीतम्, कदा संगृहीतम्, काः आवश्यकाः परीक्षणविधयः च कृताः इति अस्पष्टम् आसीत्। प्रतिवेदने उक्तं यत् केषुचित् यूनिटेषु एच.आई.वी.परीक्षणं सम्यक न कृतम् अथवा परीक्षणप्रक्रिया अपूर्णा संदिग्धा च आसीत्। एतत् तथ्यं सर्वकारीयरक्तबैङ्काः सुरक्षामानकानां सख्यं पालनम् कुर्वन्ति इति सामान्यदावानां क्षतिं करोति।

अन्वेषणदलेन अपि ज्ञातं यत् रक्तकेन्द्रे उपलभ्यमानाः पञ्जिकाः, डिजिटल-अभिलेखाः च न मेलन्ति। अनेकाः प्रविष्टयः अपूर्णाः आसन्, केचन तिथयः लुप्ताः, केषुचित् सन्दर्भेषु दातृणां परिचयः अपि लुप्तः आसीत्। रक्ताधानादिसंवेदनशीलक्षेत्रे अभिलेखानां एषा स्थितिः प्रमुखदुर्घटनायाः सदृशी इति विशेषज्ञाः वदन्ति। थैलेसीमियारोगिणां जीवनपर्यन्तं नियमितरूपेण रक्ताधानस्य आवश्यकता भवति, किञ्चित् प्रमादः अपि तेषां जीवनं गम्भीररूपेण संकटं जनयितुं शक्नोति।

प्रारम्भिकप्रतिवेदने रक्तकेन्द्रकर्मचारिणां प्रशिक्षणस्य, पर्यवेक्षणस्य च महत्त्वपूर्णा अभावः अपि सूचितः अस्ति। मानकसञ्चालनप्रक्रियासु प्रत्येकस्य रक्तस्य एककस्य त्रिचरणीयपरीक्षणस्य आवश्यकता भवति, परन्तु अन्वेषणेन ज्ञातं यत् एषा प्रक्रिया प्रायः कागदपत्रेषु एव सीमितं भवति स्म। केचन परीक्षणप्रतिवेदनानि स्पष्टहस्ताक्षराणि तिथयः च विना प्राप्तानि, येन परीक्षणानि वास्तवतः कृताः वा इति विषये संशयः अधिकं गभीरः अभवत्। अस्य सम्पूर्णस्य प्रकरणस्य अत्यन्तं आश्चर्यजनकः पक्षः प्रभावितकुटुम्बानां दुःखम् अस्ति। प्रतिमासं स्वसन्ततिं उद्धारयितुं चिकित्सालयं गच्छन्तः मातापितरः विश्वसिन्ति स्म यत् सर्वकारीयव्यवस्था न्यूनातिन्यूनं सुरक्षितं रक्तं प्रदास्यति इति।

## न तु पात्राणि इन्द्राणी मुखर्जी

### अभिनेतारः अपि स्वचित्रणेन कथां सुदृढं कृतवन्तः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मानेक इरानी इत्यादयः अभिनेतारः अपि स्वचित्रणेन कथां सुदृढं कृतवन्तः, चलच्चित्रस्य ग्रामीणभावनाम् अपि गभीरं कृतवन्तः। नदिया के पार इत्यस्य महत्तमं बलं तस्य सङ्गीतम् अस्ति। चलच्चित्रस्य लोकगीतानि अद्यापि सवेषां अधरे एव सन्ति। ताङ्ग कर्णे का तोसे नाता है गुजरिया इत्यादीनि गीतानि केवलं गीतानि न सन्ति, अपितु ग्रामीणजीवनस्य हृदयं एव सन्ति। तानि श्रुत्वा ग्रामवीथिक्षेत्राणां चित्राणि मनसि आगच्छन्ति। उत्तरप्रदेशस्य जौनपुरमण्डलस्य ग्रामेषु गृहीताः दृश्याः चलच्चित्रं अधिकं प्रामाणिकं कुर्वन्ति। अत एव दशकानां अनन्तरं अपि चलच्चित्रं नूतनं न अनुभूयते, अपितु प्रत्येकं दर्शनेन सह नूतनः अनुभवः प्रदाति।

आर्थिकदृष्ट्या अपि एतत् चलच्चित्रं स्वसमयस्य मापदण्डम् आसीत्। केवलं 18 लक्षरूप्यकाणां अल्पबजटेन निर्मितं नदिया के पार इत्यनेन बक्स् आफिस-मध्ये 5 कोटिभ्यः अधिकं धनं प्राप्तम्। एषा सफलता तदानीं चमत्कारिकात् न्यूनं नासीत्। पश्चात् सूरज बर्जात्याः सुपरहिट् हम आपके हैन कौन् अपि अस्याः कथायाः प्रेरणाम् आकर्षितवान्, येन सिद्धं जातं यत् पारिवारिक-सांस्कृतिकमूल्यानां आधारेण निर्मिताः कथाः कदापि वृद्धाः न भवन्ति ४३ वर्षाणां अनन्तरं सिनेमागृहेषु पुनः आगत्य अस्य चलच्चित्रस्य प्रभावः केवलं वृद्धदर्शकानां कृते एव सीमितः न भविष्यति। ये पूर्वं दृष्टवन्तः तेषां कृते एषः विषादस्य, यौवनस्य स्मृतीनां पुनरागमनस्य सुवर्णमयः अवसरः अस्ति। नूतनपीढीयाः कृते भारतीयचलच्चित्रस्य एकया विरासतया सह पुनः सम्पर्कस्य अवसरः अस्ति यस्य विषये ते केवलं कथासु श्रुतवन्तः वा लघुपर्दे दृष्टवन्तः वा। अस्य चलच्चित्रस्य सरलता, तस्य छायाचित्रणं, लोकगीतानां माधुर्यं च बृहत्पटले सर्वथा भिन्नम् अनुभवं प्रदास्यति।

## उत्सवस्य ऋतुस्य, तान्त्रिकबाधायाः च कारणात् अनेकेषु राज्येषु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

सर्वोच्चन्यायालयस्य सुनवायीकाले एतत् प्रकाशितं यत् भौगोलिकस्थितेः, उत्सवस्य ऋतुस्य, तान्त्रिकबाधायाः च कारणात् अनेकेषु राज्येषु निर्वाचनआयोगेन आशासितगत्या निर्वाचनप्रक्रिया न प्रगच्छति स्म। फलतः यदि समयसीमा न विस्तारिता स्यात तर्हि बहूनां पात्रनागरिकाणां लोकतान्त्रिकमताधिकारात वंचितः भवितुम् अर्हति स्म। न्यायालयेन न केवलं समयसीमायाः विस्तारस्य आह्वानं कृतम्, अपितु लोकतन्त्रस्य व्यापकतां मनसि कृत्वा आयोगाय संवेदनशीलस्य रक्षकस्य भूमिकां कर्तुं सल्लाहः अपि दत्तः। एषा वार्ता पर्याप्तं जनजिज्ञासां जनयति यतोहि एषः विषयः प्रत्यक्षतया विशेषसघनपुनरीक्षणस्य संवैधानिकतायाः विषये वर्तते, यस्य विषये अधुना सर्वोच्चन्यायालयः शीतकालीनावकाशस्य अनन्तरं विस्तरेण श्रवणं कर्तुं निश्चितः अस्ति, २०२६ तमस्य वर्षस्य जनवरी-मासस्य ६ दिनाङ्के अस्य अर्थः अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : आज मन में उतार-चढ़ाव रह सकता है। किसी बात को लेकर जल्दी रिएक्शन देने से बचें।

**वृषभ** : आज का दिन सामान्य लेकिन सुकून देने वाला रहेगा। घर-परिवार से जुड़ी कोई छोटी खुशी मिल सकती है।

**मिथुन** : आज बातचीत में सावधानी जरूरी है। किसी की बात गलत तरीके से समझी जा सकती है।

**कर्क** : आज भावनाएं थोड़ी ज्यादा हावी रह सकती हैं। परिवार या रिश्तों से जुड़ा कोई फैसला सोच-समझकर लें।

**सिंह** : हर बात अपने मन के मुताबिक नहीं चलेगी। काम में धैर्य और समझदारी दिखाने की जरूरत है।

**कन्या** : आज आपके लिए अच्छा दिन है। अटके हुए काम पूरे होने के संकेत हैं। पैसों से जुड़ी कोई राहत मिल सकती है।

**तुला** : आज मन असमंजस में रह सकता है। किसी फैसले को लेकर दो राय हो सकती है।

**वृश्चिक** : काम का दबाव रहेगा, लेकिन आप संभाल लेंगे। किसी पुराने विवाद का हल निकल सकता है।

**धनु** : आज नई सोच और नए प्लान बन सकते हैं। काम या पढ़ाई में बदलाव की इच्छा जागेगी।

**मकर** : आज जिम्मेदारियां बढ़ी हुई रहेंगी। काम को टालने से बचें, वरना दबाव और बढ़ेगा। परिवार में आपकी राय को महत्व मिलेगा।

**कुंभ** : आज दिन मिलाजुला रहेगा। काम में मन भटक सकता है, लेकिन कोशिश करें कि फोकस बनाए रखें।

**मीन** : आज मन शांत और संतुलित रहेगा। जो है, उसी में संतोष महसूस होगा। रिश्तों में अपनापन बढ़ेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# शनि के नक्षत्र में गुरु की एंट्री, इन राशि वालों की करियर में होगी बल्ले-बल्ले

ज्योतिषियों के मुताबिक, जब गुरु जैसे शुभ ग्रह न्यायाधीश शनि के नक्षत्र में गोचर करते हैं, तो व्यक्ति के जीवन में मेहनत के अनुरूप फल मिलने लगते हैं।

साल 2026 में गुरु बृहस्पति देव नक्षत्र परिवर्तन करेंगे। वह पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करते हुए कुछ राशियों पर अपनी विशेष कृपा बरसाएंगे। दरअसल, पुष्य नक्षत्र को 'नक्षत्रों का राजा' कहा जाता है और यह धन-समृद्धि का प्रतीक है। इसके स्वामी ग्रह कर्मफल दाता शनि देव है। ज्योतिषियों के मुताबिक, जब गुरु जैसे शुभ ग्रह न्यायाधीश शनि के नक्षत्र में गोचर करते हैं, तो व्यक्ति के जीवन में मेहनत के अनुरूप फल मिलने लगते हैं। यही नहीं जातकों के अटके काम पूरे, विवाह योग, धन लाभ से लेकर संतान सुख की प्राप्ति होती हैं। ऐसे में गुरु का यह गोचर किन राशियों के लिए



कल्याणकारी रहेगा, आइए जानते हैं।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए समय शुभ रहने वाला है, क्योंकि आपको धन लाभ हो सकता है। कर्क राशि वालों को नई नौकरी की प्राप्ति होगी और आप किसी व्यवसाय की शुरूआत भी कर सकते हैं। हालांकि, करियर में आपको सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। परिवार और दोस्तों के साथ रिश्ते बेहतर होंगे। निवेश से अच्छा रिटर्न मिलने पर आपके आर्थिक मामलों में सुधार होगा। कोई वाहन आप खरीद सकते हैं। नए आय के स्रोत खुल सकते हैं। व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों क्षेत्रों में सफलता के योग हैं।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के विवाह के योग बनेंगे। आपके जीवन में खुशियां आएंगी और तनाव में कमी महसूस होगी। हालांकि, दांपत्य जीवन में सुख भी बना रहेगा। कन्या राशि वालों को निजी जीवन में कई परिवर्तन नजर आएंगे। करियर, नौकरी, बिजनेस आदि सभी में आपके द्वारा की गई मेहनत सफल होगी। इस दौरान आपकी परीक्षा या कोई इंटरव्यू आप निकाल पाएंगे। व्यापार भारी मुनाफे का योग है। मान-सम्मान में वृद्धि के योग है।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों को व्यापार में अच्छी डील मिलने वाली हैं। प्रेम और दांपत्य जीवन में आपका सकारात्मक नजरिया रिश्तों को मजबूत बना सकता है। गुरु के प्रभाव से संतान के जीवन में चल रही समस्याएं भी दूर होंगी। आपके विवाह के योग बनेंगे और प्रेम विवाह का प्रस्ताव घर में पास होगा। परिवार में भी सुख और संतोष का माहौल रहेगा। नौकरी में नए-नए अवसरों की प्राप्ति होगी।

## खबर एक नजर...

### नाबालिगों को हिरासत में लेकर जप्त की गई नकली पिस्टल

**उज्जैन।** बड़नगर तहसील के ठक्कर बाबा कालोनी में रहने वाले विवेक सिरसवाल को सितंबर माह में बाइक सवार पांच बदमाश युवकों ने सरस्वती स्कूल के पास रोक नकली पिस्टल दिखाते हुए हफ्ता मांगा था। 3 माह बाद बड़नगर थाना पुलिस ने सोमवार को कोर्ट चौराहा से विष्णु भूरिया, भारत राठौर और रितिक भूरिया निवासी शक्कर मिल को गिरफ्तार किया था। तीनों ने हफ्ता वसूली की घटना को अपने 2 नाबालिगों के साथ अंजाम देना कबूल किया था। नकली पिस्टल भी नाबालिगों के पास होना बताई थी। पुलिस ने तीनों को जेल भेजने के साथ दोनों फरार नाबालिगों की तलाश शुरू की थी, मंगलवार को दोनों नाबालिग पुलिस की हिरासत में आ गये। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि दोनों नाबालिगों की निशानदेही पर नकली पिस्टल बरामद कर ली गई है। जो बिल्कुल असली जैसी दिखती है।

### राजीनामा नहीं करने की बात पर परिवार के साथ मारपीट

**उज्जैन।** ग्राम रूद्राहेड़ा में मोंगिया समाज के 2 परिवारों में काफी समय से विवाद चला आ हा है। विवाद का मामला कोर्ट में विचाराधीन भी है। जिसको को लेकर एक पक्ष से कमल, सावन, अर्जुन और मानकुंवर दूसरे पक्ष के तेजाराम पिता प्रहलाद के घर पहुंचे और राजीनामा करने का दबाव बनाने लगे। तेजाराम ने मना किया तो चारों ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। तेजाराम का परिवार बीच-बचाव में आया तो उनके साथ भी मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। तेजाराम की शिकायत पर घट्टिया थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ पांच धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### बड़नगर में अब नहीं चलेगें बिना नम्बर के ऑटो

**उज्जैन।** बड़नगर में बिना नम्बर और दस्तावेजों के चलने वाले आटो, ई-रिक्शा पर पुलिस ने यातायात व्यवस्था को बनाये रखने के लिये शिकंजा कंसा है। आटो चालकों के खिलाफ विशेष चैकिंग अभियान चलाकर धरपकड़ की गई और दस्तावेजों की जांच की गई। जिनके दस्तावेज पूर्ण नहीं थे उन्हे तीन दिन में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस द्वारा यूनिक नम्बर आवंटित किये गये, जिसके क्रमानुसार अब आटो का संचालन होगा। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन, अनुविभागीय अधिकारी महेन्द्र परमार के निर्देशन में अभियान की शुरूआत की गई। सभी आटो और ई-रिक्शा चालको को हिदायत दी गई कि बिना नम्बर के आटो अब बड़नगर में नहीं चलेगें। दस्तावेज पूर्ण कराकर आवंटित यूनिक नम्बर अपने वाहनों पर चस्पा करना होगा। जिन वाहनों पर आवंटित नम्बर नहीं होगा उसका परिचालन नहीं होने पायेगा।

### बोलेरो चालक की लापरवाही से कार हुई क्षतिग्रस्त

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र की पुरानी चौपाटी पर चौधरी रेस्टोरेंट के सामने रात में तेजगति से दौड़ती बोलेरो क्रमांक एमपी 43 झेड जे 6986 के चालक ने ब्रेक लगाया और रिवर्स लिया। जिसके चलते पीछे आ रही कार टकरा गई और क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कार की रफ्तार कम थी, जिसके चलते बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। कार में सवार रामप्रसाद पिता फकीरचंद्र पांचाल 61 साल निवासी द्वारकापुरी इंदौर की शिकायत पर इंगोरिया थाना पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 157-3 | 238-3 |
| मेन बाजार | 250-7 | 399-1 |
| मिलन डे | 370-0 | 350-8 |
| मिलन नाइट | 699-4 | 259-6 |

7 8 9

### गरोठ हाइवे बनने के बाद से ट्रक कटिंग की वारदातों का ग्राफ बढ़ता जा रहा

# कंटेनर का ताला तोड़कर बदमाशों ने चोरी किये घी के डिब्बे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गरोठ हाइवे बनने के बाद से ट्रक कटिंग की वारदातों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। सोमवार-मंगलवार रात बदमाशों ने चलते कंटेनर का ताला तोड़कर उसमें से हजारों रूपये कीमत के घी से भरे डिब्बे चोरी कर लिये। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

पूणे से सोनीपत के लिये कंटेनर क्रमांक एम 13 जेड सी 5283 झारड़ा थाना क्षेत्र के गरोठ हाइवे से गुजर रहा था। तभी अज्ञात बदमाशों ने गुजरते कंटेनर का ताला तोड़ा और उसमें रखे 40 हजार रूपये कीमत के घी से भरे डिब्बे चोरी कर लिये। चालक को कुछ लोगों ने कंटेनर का ताला खुला होने की जानकारी दी तो ट्रक कटिंग का पता चला। चालक ने अपना वाहन रोका और लोगों की मदद से झारड़ा थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने जांच के बाद मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आशंका जताई गई है कि ट्रक कटिंग की वारदात को कंजर-पारदी गिरोह के बदमाशों ने अंजाम दिया है। पुलिस मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने का काम कर रही है।




#### गरोठ हाइवे पर सक्रिय है बदमाशों की गैंग

- गरोठ हाइवे की शुरूआत होने के बाद से मार्ग पर बदमाशों की गैंग सक्रिय दिखाई दे रही है। पूरे मार्ग पर रात के समय ट्रक कटिंग के साथ चार पहिया वाहनों को रोक बदमाश वारदातों को अंजाम दे रहे है। हाइवे कई थानों की सीमा से गुजर रहा है, जिसके चलते कई थानों पर वारदात का शिकार होने वाले शिकायत लेकर पहुंच रहे है।
- ट्रक कटिंग के मामलों में खास बात यह सामने आ रही है कि वारदात के बाद पुलिस अपने थाना क्षेत्र में वारदात होने से मना कर देती है। जिसके चलते ट्रक चालकों को परेशान होना पड़ता है। कई चालक तो बिना शिकायत अपने गतंव्य की ओर रवाना हो जाते है।

## महिला प्रधान आरक्षक 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाई, वूलन कोट जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संभागीय लोकायुक्त ईकाई उज्जैन ने देवास में महिला थाना की प्रधान आरक्षक 771 शाहीन खान को मंगलवार देर शाम को 10 हजार की रिश्वत लेते पकडा है। आरोपी ने रिश्वत की राशि वूलन कोट की जेब में रख ली थी,उसे लोकायुक्त दल ने जब्त किया है। आरोपी के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया गया है।

लोकायुक्त डीएसपी दिनेश चंद्र पटेल ने बताया कि आवेदक विशाल परमार ने 19 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त आनंद यादव को शिकायत की थी। इसमें आवेदक ने बताया था कि पत्नी अर्चना के द्वारा महिला थाने में मारपीट एवं दहेज के संबंध में उसके खिलाफ शिकायत की गई है। उक्त शिकायत पर कार्रवाई नहीं करने के लिए प्रधान आरक्षक शाहीन खान महिला थाना देवास के द्वारा रूपए 15 हजार की रिश्वत की मांग की जा



रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शिकायत का सत्यापन निरीक्षक दीपक सेजवार ने किया था। शिकायत की पुष्टि होने पर मंगलवार शाम को आवेदक विशाल को लोकायुक्त दल ने पंजीबद्ध रूपए 10 हजार रिश्वत के रूप में देने के लिए प्रधान आरक्षक शाहीन के पास महिला थाना देवास भेजा गया। फरियादी से रिश्वत की राशि लेकर महिला प्रधान आरक्षक शाहीन खान ने अपने वूलन कोट की जेब में रख ली थी। आवेदक के ईशारा मिलते ही लोकायुक्त के दल ने साथ में मौजूद पंजीबद्ध दो राजपत्रित अधिकारियों की उपस्थिति में आरोपी के वूलन कोट की जेब से रिश्वत की रकत जब्त की है।

## गिरफ्त में आया 5 लाख की रंगदारी मांगने वाला बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रंगदारी कर पांच लाख की मांग करने और नहीं देने पर प्लाट पर कब्जा करने की धमकी देकर शहरकाजी के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट कराने वाला बदमाश पुलिस की गिरफ्त में आ गया।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 10 दिसंबर को काजीपुरा में रहने वाले शेहजाद पिता कल्लू खां ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कसाई मोहल्ले में रहने वाला सालमान पिता शकुर खां घर आया था, उसने अड़ीबाजी करते हुए प्लाट पर कब्जा अपना होना बताते हुये पांच लाख की रंगदारी की और धमकी देकर चला गया। उसके द्वारा भाई शहरकाजी के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट कर सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायत पर 12 दिसंबर को धारा 119(1), 296 (बी), 351 (3) का मामला दर्ज किया गया। बदमाश की गिरफतारी के लिये एसआई हेमंत कटारे, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, आरक्षक नितेश रायकवार, महेन्द्र मोर्य, नारायण सरा और स्वरूप हिरवे की टीम बनाई है। बदमाश कस्बा छोड़कर भाग निकला था, जिसकी लगातार तलाश जारी थी।

## दूसरी मंजिल से गिरा मजदूर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंदौररोड फोरलेन पर इंद्रालय कालोनी में निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से मंगलवार सुबह मजदूर गिर गया। उसे सिर और हाथ में गंभीर चोंट लगने पर चरक अस्पताल लाया गया। मजदूर लाखन पिता गेंदालाल 35 साल निवासी हाटपिपल्या का रहने वाला है। मामले की सूचना अस्पताल प्रशासन की ओर से नीलगंगा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घायल मजदूर के बयान दर्ज किये है। इस दौरान सामने आया कि वह सात माह से उज्जैन में रहकर मजदूरी का काम कर रह है। सुबह निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल पर पानी की तरी करने चढ़ा था, उसी दौरान संतुलन बिगड़ने से गिरा है।

## निर्माण अनुमति निरस्त के विरोध में सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अंकपात मार्ग स्थित विनोद चोपड़ा के भूखंड क्रमांक 143 पर भवन निर्माण की अनुमति निरस्त किए जाने के विरोध में भवन स्वामियों ने नगर निगम गेट पर प्रदर्शन कर निगमायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि विधिवत अनुमति दिए जाने के बाद बिना किसी ठोस आधार के भवन निर्माण की अनुमति निरस्त की गई, जो कि नियम विरुद्ध है। मामले में विनोद चोपड़ा ने बताया कि निगम से अनुमति 17 सितंबर 25 को लेकर निर्माण शुरू ?किया था। बावजूद अनुमति निरस्त कर दी गई। 13 अक्टूबर 25 को जोन क्रमांक दो के भवन निरीक्षक, प्रभारी लिपिक एवं पटवारी द्वारा निरीक्षण किया गया। इसमें सीमांकन की आवश्यकता बताई गई। जबकि प्रार्थीगणों द्वारा 17 दिसंबर 25 को सीमांकन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई थी। इसकी जानकारी राजस्व अधिकारी द्वारा संबंधित पक्ष को भी दी गई।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com